दिसम्बर 2014 की शीतकालीन वार्षिक परीक्षा मे कुछ छात्रो द्वारा किये गये शिकायती पत्र के सम्बन्ध मे सादर अवगत कराना है कि सघन तहकीकात करने पर यह तथ्य सामने आया है कि उक्त शिकायती पत्र के शिकायतकर्ता अधोहस्ताक्षरी के अध्ययन केन्द्र के शिक्षार्थी नही है बल्कि अन्य अध्ययन केन्द्र के शिक्षार्थी है । परीक्षा केन्द्र बी०आर०डी०पी०जी० कालेज, देवरिया (एस–017) पर दिसम्बर–2014 की परीक्षा के समय नकल विहीन परीक्षा कराये जाने के कारण आवेश मे आकर अपने अपने अध्ययन केन्द्रो द्वारा किये गये धन उगाही आदि उत्पीडन को अधोहस्ताक्षरी के परीक्षा केन्द्र के साथ जोड कर भ्रामक एवं गलत आरोप लगाते हुए तथ्य से परे शिकायती पत्र, परीक्षा नियन्त्रक, उ०प्र० राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद को शिकायतकर्ताओं द्वारा प्रेषित किया गया है ।

सादर सूचित करना है कि अधोहस्ताक्षरी के केन्द्र पर विश्वविद्यालय के मानक के अनुसार नकल विहीन, शुचितापूर्ण एवं पारदर्शी परीक्षा होती है । शिकायतकर्ताओ का पैसा लेकर नकल कराये जाने या उत्तर पुस्तिका बाहर लिखवाये जाने का आरोप भ्रामक है, मिथ्या है, मनगढन्त है,पूर्णतःगलत है और तथ्य से परे है तथा महाविद्यालय की छवि को धूमिल करने वाला है ।

उक्त शिकायती पत्र के सम्बन्ध में मांगी गयी आख्या आपकी सेवा मे सादर सेवार्पित है।

सादर ।

भवदीय

08-05-15

(डा०ए०के०राय)

प्राचार्य

बी०आर०डी०पी०जी०कालेज,

देवरिया

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

# उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय मुख्य परिसर, शान्तिपुरम्, सेक्टर "एफ"
फाफामऊ, इलाहाबाद
211013
0532-2447038

डा० (पी० पी० दुबे)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक : उ० प्र० रा० ट० मु० वि० / परीक्षा / 4054 / 2015 — दिनांक : 30 / 03 / 2015

महत्वपूर्ण / समयबद्ध

सेवा में,

प्राचार्य
बी० आर० डी० कॉलेज,
देवरिया
उ०प्र० – 210201

*विषय : परीक्षा दिसम्बर– 2014 में केन्द्र पर नकल कराये जाने से सम्बन्धित प्राप्त शिकायती पत्र के सन्दर्भ में।*

महोदय,

आपके परीक्षा केन्द्र पर नकल कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राजीव कुमार पाठक, शिवांगि मणि त्रिपाठी, [illegible] शर्मा, विभा त्रिपाठी, संध्या कुमारी व नीतू यादव राघव नगर, देवरिया ने अध्ययन केन्द्र / परीक्षा केन्द्र बी० आर० डी० कॉलेज, देवरिया के सम्बन्ध में शिकायती पत्र प्रेषित कर अवगत कराया गया है कि, समस्त परीक्षार्थियों से परीक्षा *दिसम्बर– 2014* में एम०ए०–I, II से रू 800 / – एवं बी०ए०–I,II व III से रू 500 / – प्रति प्रश्न पत्र की दर से जबरदस्ती वसूला गया तथा 1500 / – रू लेकर उत्तर पुस्तिका बाहर लिखायी जाती है शिकायत कर्त्ताओं के पत्र की छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। कृपया इस प्रकरण को प्राथमिकता प्रदान करते हुए पत्र प्राप्ति की तिथि से पन्द्रह दिन के अन्दर इस सम्बन्ध में अपनी आख्या अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्नक : उक्तवत्

भवदीय

डॉ. (पी.पी.दुबे)
परीक्षा नियंत्रक

पृ.सं. उ.प्र.रा.ट.मु.वि. / परीक्षा / 4054(i) / 2015 — तद्दिनांक 30/03/15

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रबन्धक, बी० आर० डी० कॉलेज, देवरिया को शिकायती पत्र की प्रति इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया सम्बन्धित प्रकरण पर अपनी आख्या यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. कुलसचिव उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।
3. मा० कुलपति जी के निजी सचिव को मा० कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।

डॉ. (पी.पी.दुबे)
परीक्षा नियंत्रक

(11)

(02)

पंजीकृत

सेवा में

दिनांक: 22.01.2015

परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
इलाहाबाद, 211013

विषय: **परीक्षा केन्द्र बीआरडी पीजी कालेज देवरिया में अवैध वसूली के सम्बन्ध में।**

महोदय,

हम समस्त छात्रगण उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के परीक्षार्थी है हम लोगों का परीक्षा दिसम्बर 2014 में बीआरडी पीजी कालेज देवरिया में हुआ। परीक्षा के दौरान हम समस्त परीक्षार्थियों से एम0ए0 I, II से 800 रूपये प्रति प्रश्नपत्र, बी0ए0 I, II, III से 500 रूपये प्रति प्रश्न पत्र की दर से जबरदस्ती वसूला गया। तथा शिकायत करने पर कहा गया कि मेरा कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता हैं देवरिया अध्ययन केन्द्र की प्राचार्या, दीनानाथ पाण्डेय राजकीय महिला महाविद्यालय ने सत्र 2012–13 में अवैध धन वसूली की बात लिख चुकी है। मैं ऊपर विश्वविद्यालय तक मैनेज करता हूँ। इसी वजह से मेरा परीक्षा केन्द्र आज तक इसी वजह से परिवर्तित नहीं हुआ। मेरे यहा अन्य केन्द्र का कोई कक्ष निरीक्षक डयूटी भी नही कर सकता है मैं और मेरा लड़का डयूटी एवं वसूली करूँगा। धनराशि न देने पर धमकी दी जाती है कि उत्तीर्ण नहीं होने दूँगा। इस भयवश कोई शिकायत नहीं करता है क्योंकि शिकायत करने पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। साथ ही साथ यह भी अवगत कराना है कि बाहर से लिखी जाने वाली प्रति कापी 1500 रूपये लेकर लिखाई जाती है। छात्राओं के साथ बदसलूकी भी किया जाता है। जबकि सरकार द्वारा बार–बार महिला सुरक्षा की बात उठायी जा रही है।

अतः आपसे निवेदन है कि उपरोक्त तथ्यों का अपने स्तर से जॉच, समन्वयक डॉ0 कमला प्रजापति को तुरन्त हटाकर करने पर सही तथ्य सामने आ जायेगा। तथा भविष्य में किसी अन्य/सरकारी कालेज में परीक्षा कराने की कृपा करे।

प्रतिलिपि: 1–माननीय कुलाधिपति महोदय उ0प्र0 लखनऊ।
2–माननीय मुख्यमंत्री (उच्च शिक्षा मंत्री) उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ
3–कुलपति उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय इलाहाबाद

छात्र/छात्रा
राजकुमार पाठक
शिवानी मणि त्रिपाठी
श्वेता शर्मा
विभा त्रिपाठी
संध्या कुमारी
नीतू यादव
राहुल नगर देवरिया

OE
12/2/15

अग्रसारित
परीक्षा नियंत्रक

31

संलग्नक- 06

(14)

# अन्तिम आख्या

कुलसचिव

विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र गोरखपुर के स्तर से अधिन्यासों के मूल्यांकन के पश्चात् प्राप्त पर्णों के परिप्रेक्ष्य में कतिपय शिकायतों के निस्तारण हेतु विश्वविद्यालय के पत्रांक ओ. यू. / 1407 / 2015 दिनांक 03 / 01 / 2015 द्वारा अधिसूचित समिति द्वारा दिनांक 04 / 03 / 2015 को प्रस्तुत अनतरिम आख्या के तारतम्य में कहना है कि :-

1. समिति ने गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय के वर्तमान समन्वयक डॉ. एस. पी. गुप्ता से दूरभाष पर पर्ण संख्या 52, 55, 64 एवं 65 पर किंचित बिन्दुओं पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने का प्रयास किया।
2. गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय के समन्वयक द्वारा इस सन्दर्भ में प्रेषित पत्र (ई-मेल द्वारा) जोकि पत्रावली में संलग्न है का भी संज्ञान लेते हुए समिति का अभिमत है कि –

i उपरोक्त चारों पर्णों में हस्ताक्षर एक ही मूल्यांकनकर्त्ता के प्रतीत होते है किन्तु चारों पर्ण विभिन्न विषयों के है जिनका मूल्यांकन कोई एक विषय विशेषज्ञ नही कर सकता है।

ii B.Com के विभिन्न प्रश्नपत्रों एवं AOCHE के पर्णों में उद्धृत नामांकन संख्या सही नही है। अतः समिति का मत है कि उपरोक्त चारों पर्णों में उलिखित अधिन्यास के प्राप्तांको को निरस्त करते हुए उनका पुर्न मूल्यांकन कराया जाय।

iii जिस प्राध्यापक ने उपरोक्त अधिन्यास उत्तर पुस्तिकायें मूल्यांकित की हो, भविष्य में उनसे मूल्यांकन कार्य न कराया जाय।

iv सन्दर्भित अधिन्यास उत्तर पुस्तिकाओं के अंक क्षेत्रीय समन्वयक का कार्य देख रहे तत्कालीन समन्वयक श्री राजेश गौतम द्वारा प्रेषित किये गये थे।

समिति का यह मानना है कि क्षेत्रीय कार्यालय गोरखपुर के तत्कालीन समन्वयक एवं उनके सहायकों को अधिन्यास अंको के सम्बन्ध में और अधिक संवेदनशील होना चाहिए था।

सामान्य
परीक्षा नियंत्रक

7/5/15
डॉ. (ओमजी गुप्ता)
निदेशक, प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा
उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
इलाहाबाद

डॉ. (पी. पी. दूबे)
परीक्षा नियंत्रक
उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
इलाहाबाद

कुलसचिव

अन्तिम आख्या संलग्न है।

07/5/15

32

प्रस्तुत देयको के सम्बन्ध में

(6)

1. कुल 07 देयको में देयक संख्या – 03 पर पेपर कोड अंकित नहीं है।
2. देयक संख्या – 04 में कार्यक्रम अंकित है किन्तु कोड अंकित नहीं है एवं देयक पूर्ण नहीं है।
3. भुगतान हेतु कुल 07 देयक ही प्रस्तुत किये गये हैं जबकि अंक पर्ण लगभग 15 से अधिक कार्यक्रमों / कोडों से सम्बन्धित हैं।
4. मूल्यांकनकर्त्ताओं की स्वीकृति कब और किससे प्राप्त की गयी, संलग्न पत्र के साथ उपलब्ध नहीं कराया गया है।

(ख) प्रस्तुत अंक प्रति पर्ण के सम्बन्ध में

1. सभी अंक प्रति पर्ण पर मेरे द्वारा दाहिनी ओर लाल स्याही से नम्बरिंग कर दी गयी है तथा ये कुल 66 ही है।
2. अधिकांश पर्णो में मूल्यांकनकर्त्ताओं द्वारा तिथि का उल्लेख नहीं किया गया है।
3. पर्ण संख्या 13 जो कि राजनीतिशास्त्र विषय से सम्बन्धित है। इस पर्ण के अन्त में MAST-03 संस्कृत विषय का भी मूल्यांकन है।
4. पर्ण संख्या 42 B.COM से सम्बन्धित है किन्तु इसी पर्ण में इसी मूल्यांकनकर्त्ता द्वारा UGHD हिन्दी विषय का मूल्यांकन भी करवाया गया है।
5. पर्ण संख्या 51, 57, 58 की Hand Writing एक ही प्रतीत होती है किन्तु पेपर कोड एवं हस्ताक्षर अलग–अलग है।
6. पर्ण संख्या 22 तथा 51 के मूल्यांकनकर्त्ता एक ही हैं किन्तु अंक पर्ण पर Writing अलग प्रतीत होती है।
7. पर्ण संख्या 25, 26, 27, 28, 29, 54, 56 एवं 57 शिक्षाशास्त्र विषय के हैं, इनके मूल्यांकनकर्त्ता एक ही है किन्तु इनके हस्ताक्षर अलग–अलग प्रतीत होते हैं।
8. पर्ण संख्या 54, 56, 65 तथा 66 की Hand Writing एक ही प्रतीत होती है किन्तु हस्ताक्षर एवं कोड अलग–अलग हैं।
9. पर्ण संख्या 36 तथा 38 की Hand Writing एक ही किन्तु हस्ताक्षर तथा पेपर कोड अलग–अलग है।
10. एक पर्ण पर केवल एक पेपर कोड अंकित होने के स्थान पर एक से अधिक पेपर कोड अंकित किये गये हैं।

परीक्षा नियंत्रक

11. पर्ण संख्या 12 तथा 14 की Hand Writing एक प्रतीत होती है किन्तु हस्ताक्षर एवं पेपर कोड अलग–अलग हैं।
12. पर्ण संख्या 16 तथा 17 की Hand Writing एक ही प्रतीत होती है किन्तु हस्ताक्षर एवं पेपर कोड अलग–अलग है।
13. पर्ण संख्या 52 तथा 53 Hand Writing एक ही प्रतीत होती है किन्तु हस्ताक्षर एवं पेपर कोड अलग है।
14. पर्ण संख्या 52 तथा 55 पर हस्ताक्षर एक ही प्रतीत होते है किन्तु पेपर कोड अलग–अलग हैं।
15. पर्ण संख्या 12, 14, 52 तथा 53 की Hand Writing एक ही प्रतीत होती है किन्तु पेपर कोड एवं हस्ताक्षर अलग–अलग है।
16. पर्ण संख्या 10 तथा 14 की Hand Writing एक ही प्रतीत होती है किन्तु पेपर कोड तथा हस्ताक्षर अलग–अलग है।
17. पर्ण संख्या 52, 55, 64 एवं 65 की Hand Writing तथा हस्ताक्षर एक ही प्रतीत होती है किन्तु पेपर कोड अलग–अलग है।
18. पर्ण संख्या 61 तथा 14 की Hand Writing एक ही प्रतीत होती है किन्तु पेपर कोड एवं हस्ताक्षर अलग–अलग है।
19. पर्ण संख्या 13, 59, 62 की Hand Writing एक ही प्रतीत होती है किन्तु पेपर कोड तथा हस्ताक्षर अलग–अलग है।
20. पर्ण संख्या 65 तथा 66 की Hand Writing एक ही प्रतीत होती है किन्तु पेपर कोड तथा हस्ताक्षर अलग–अलग है।
21. पर्ण संख्या 18 तथा 64 की Hand Writing एक ही प्रतीत होती है, किन्तु हस्ताक्षर एवं कोड अलग–अलग है।
22. पर्ण संख्या 49 के हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है।
23. पर्ण संख्या 4 पर मूल्यांकनकर्त्ता के हस्ताक्षर अंकित नहीं है।
24. पर्ण संख्या 49 पर मूल्यांकनकर्त्ता के हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है।
25. एक पर्ण पर केवल एक पेपर कोड अंकित होना चाहिए परन्तु एक से अधिक पेपर कोड अंकित किये है।

परीक्षा नियंत्रक

संलग्नक–07

# उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

## *केन्द्राध्यक्ष के लिए निर्देश*

परीक्षा : दिसम्बर / जून

### (क) केन्द्राध्यक्ष / सहायक केन्द्राध्यक्ष / कक्ष परिप्रेक्षक / पंजिकाएं

1. प्रत्येक केन्द्र पर एक केन्द्राध्यक्ष नियुक्त होंगे जो पूर्णतः परीक्षा के गोपनीय अभिलेखों को सुरक्षित रखने एवं उसके सफल संचालन के लिए उत्तरदायी होंगे।
2. प्रत्येक पाली की परीक्षा में पंजीकृत छात्रों की संख्या के आधार पर सहायक केन्द्राध्यक्ष निम्नानुसार अनुमन्य होंगे :—

| | |
|---|---|
| (i) 250 तक पंजीकृत अभ्यर्थियों पर | 1 |
| (ii) 251–500 तक पंजीकृत अभ्यर्थियों पर | 2 |
| (iii) 501–750 तक पंजीकृत अभ्यर्थियों पर | 3 |
| (iv) ~~571~~ 751–1000 तक पंजीकृत अभ्यर्थियों पर | 4 |
| (v) 1000 से अधिक पंजीकृत अभ्यर्थियों पर अधिकतम | 5 |

3. प्रत्येक कक्ष में कम से कम दो परिप्रेक्षक अवश्य हों। साथ ही यह भी ध्यान रहे कि परीक्षा कार्य में बड़े कमरों का अधिकतम प्रयोग हो जिससे कम से कम परिप्रेक्षकों की आवश्यकता पड़े और यह भी ध्यान रहे कि कुल कक्ष परिप्रेक्षकों एवं कुल परीक्षार्थियों की संख्या का अनुपात 1/20 का ही रहे **परन्तु किसी भी ~~पाली~~ कक्ष में दो से कम कक्ष परिप्रेक्षक न हों।**
4. परीक्षा केन्द्र पर कार्य करने वाले केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, कक्ष परिप्रेक्षक एवं अन्य कर्मचारियों को विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित दर से पारिश्रमिक का भुगतान किया जायेगा।
5. केन्द्राध्यक्षों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे कृपया उत्तर पुस्तिका / प्रश्न–पत्रों के रख–रखाव हेतु एक रजिस्टर रखें। यह जिम्मेदारी जिस किसी सहायक केन्द्राध्यक्ष को सौंपी जाए, उन्हें लिखित निर्देश दिए जायं कि वह उत्तर पुस्तिकाओं / प्रश्न–पत्रों की प्राप्ति और उपयोग को प्रतिदिन नोट करें। केन्द्र–व्यय का रख–रखाव एक पृथक से रजिस्टर / प्रपत्र पर किया जाए जिसमें अग्रिम और नित्य के व्यय का विवरण अंकित किया जाए। इन रजिस्टरों का निरीक्षण भी समय–समय पर विश्वविद्यालय के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा किया जा सकता है।
6. कक्ष परिप्रेक्षक प्रति पाली विषयवार उपस्थित परीक्षार्थियों का विवरण (नामांकन संख्या, उत्तर पुस्तिका क्रमांक) रजिस्टर में अंकित कर हस्ताक्षर करें एवं प्रतिहस्ताक्षर केन्द्राध्यक्ष द्वारा करायी जाय।
7. सत्रान्त परीक्षा के प्रातः सत्र की उत्तर पुस्तिका उसी दिन सायं एवं सायं सत्र की उत्तर पुस्तिका अगले दिन पूर्वाह्न तक **परीक्षा नियत्रंक, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, सेक्टर "एफ" शान्तिपुरम् आवास योजना, फाफामऊ, इलाहाबाद–211013** को स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड पार्सल के माध्यम से अनिवार्य रूप से प्रेषित कर दिया जाय। इसका अनुपालन नही किये जाने की स्थिति में परीक्षा केन्द्र को निरस्त करने के साथ ही अन्य अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। प्रेषण से होने वाले अनुमानित व्यय की धनराशि पूर्व में अग्रिम के रूप में परीक्षा केन्द्र को उपलब्ध करा दी जायेगी।

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

## (ख) विशेष परीक्षार्थी / विशेष सुविधा

6. नेत्रहीन परीक्षार्थी के लिए परीक्षा का समय विश्वविद्यालय तीन घण्टे के स्थान पर साढ़े तीन घण्टे कर दिया गया है। नेत्रहीन परीक्षार्थी की उत्तर पुस्तिका अन्य परीक्षार्थियों के साथ ही भेजी जाए।

7. (क) किसी भी परीक्षार्थी को कोई विशेष सुविधा नहीं प्रदान की जा सकती है जब तक कि कुलपति महोदय की पूर्व अनुमति उनके सम्बन्ध में न हो। श्रुति लेखक की स्वीकृति प्राप्त होने पर ही इसकी व्यवस्था की जाये।

(ख) विकलांग परीक्षार्थियों की परीक्षा कक्ष की व्यवस्था भूतल पर ही की जाय।

## (ग) परीक्षा भवन / कक्ष / आसन व्यवस्था

8. परीक्षार्थियों के सीट की व्यवस्था ऐसी करावें जिससे उन्हें अनुचित साधन प्रयोग करने का अवसर न प्राप्त हो सके।

(क) प्रत्येक परीक्षार्थी की सीट पर परीक्षार्थी की नामांकन संख्या आदि का विवरण अंकित होना चाहिए। यदि कोई त्रुटि हो तो उसका निराकरण तत्काल हो जाना चाहिए।

(ख) परीक्षार्थियों के बैठने, पानी पिलाने आदि की समुचित व्यवस्था केन्द्र पर होनी चाहिए। स्वच्छ एवं शीतल जल की उपलब्धता, कमरे तथा शौचालय आदि की सफाई और प्रकाश आदि पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

## (घ) प्रश्न–पत्र पैकेटों का रख–रखाव

9. (क) प्रश्न–पत्रों के लिफाफे की जाँच सतर्कता पूर्वक कर लें और यदि किसी लिफाफे की सील टूटी हुई हो अथवा अन्य किसी भी प्रकार का सन्देह लिफाफे के सम्बन्ध में हो तो परीक्षा अनुभाग को उसकी सूचना तत्काल दें। इस बीच उस लिफाफे अथवा लिफाफों को दूसरे लिफाफे में रखकर अपनी सील लगा दें। प्रश्न–पत्रों के पैकेटों को विशेष सावधानी के साथ सील बन्द एवं सुरक्षित आलमारी में रखा जाय जिसकी चाभी केन्द्राध्यक्ष के पास रहे।

(ख) प्रश्न पत्र उपलब्धता के सन्देह की स्थिति में परीक्षा नियंत्रक से बिना वार्ता किये कोई अन्य पैकेट न खोलें।

(ग) परीक्षा नियंत्रक से बिना अनुमति लिये निकट परीक्षा केन्द्र को प्रश्न पत्र न दिये जाय।

## (ङ) उत्तर पुस्तिका पर मुहर लगाना / वितरण

10. उत्तर पुस्तिका पर केवल केन्द्र की मुहर लगायी जाए। केन्द्राध्यक्ष को चाहिए कि किसी उत्तर पुस्तिका (अ तथा ब) पर अपने हस्ताक्षर की सील इत्यादि न लगायें। निर्धारित Verification form पर सभी प्रविष्टियाँ छात्र एवं कक्ष परिप्रेक्षक द्वारा भरकर हस्ताक्षर कर दी जाए।

11. विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त क्रमांकित उत्तर पुस्तिकाओं को प्रतिदिन प्रति पाली के क्रमानुसार ही प्रत्येक कक्ष में भेजना है। उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण भी परीक्षार्थियों को यथा सम्भव क्रमानुसार ही करना है। यदि किसी कारण से किसी क्रमांक की उत्तर पुस्तिका को निरस्त करना पड़े तो कारणों का उल्लेख करते हुये निरस्त उत्तर पुस्तिका को कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक के पास सील बन्द लिफाफे में भेज दिया जाए। परीक्षोपरान्त समस्त प्रयुक्त, अप्रयुक्त एवं निरस्त उत्तर पुस्तिकाओं का क्रमानुसार विस्तृत विवरण कुलसचिव परीक्षा नियंत्रक के पास सीलबन्द लिफाफे में भेजा जाए।

12. (क) परीक्षार्थियों को निर्देश दें कि वे उत्तर पुस्तिकाओं के दोनों तरफ प्रश्नों का उत्तर लिखें। यदि किसी पृष्ठ पर परीक्षार्थी द्वारा रफ किया गया हो तो उसे उत्तर पुस्तिका जमा करने

परीक्षा नियंत्रक

के पूर्व वह स्वयं काट दे जिसका मूल्यांकन परीक्षक द्वारा नहीं किया जायेगा। उत्तर पुस्तिका का कोई पृष्ठ अथवा भाग परीक्षार्थी द्वारा फाड़ा नहीं जाना चाहिए। यदि कोई परीक्षार्थी किसी लिखे उत्तर को काटना चाहे तो वह ऐसा (X) करके काट सकता है।

(ख) यदि किसी परीक्षार्थी ने "ब" उत्तर पुस्तिका का प्रयोग "अ" उत्तर पुस्तिका के साथ किया है उसे निर्देश दिया जाये कि दोनों उत्तर पुस्तिकाओं को एक साथ मजबूती से धागे से बाँध दें। इनकी जांच–पत्र (Verification) पर अवश्य कर दिया जाय।

## (च) परीक्षा भवन में परीक्षार्थियों का प्रवेश/अनुचित साधन प्रयोग पर प्रभावी रोक

13 (क) परीक्षा भवन का द्वार प्रथम दिन परीक्षा प्रारम्भ होने से पन्द्रह मिनट पूर्व खोला जाए।

(ख) पूर्णतया पारदर्शी एवं नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराई जाए।

(ग) परीक्षा प्रारम्भ होने के आधा घण्टा पहले से ही सम्बंधित शिक्षक/कर्मचारी एवं उस पाली के परीक्षार्थियों के अलावा अन्य कोई छात्र या व्यक्ति केन्द्र परिसर में न रहे। इस निर्देश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना अति आवश्यक है। प्रत्येक पाली में परीक्षार्थियों की समुचित तलाशी गेट पर लेकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति प्रदान की जाये और परीक्षा कक्षों में कम से कम प्रथम घण्टे के अन्दर दो बार यह घोषित किया जाये कि नकल करते हुए यदि छात्र पकड़ा गया तो उसके विरुद्ध विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्यवाही होगी।

(घ) परीक्षा के दौरान नकल की रोकथाम रखना केन्द्राध्यक्षों की नैतिक एवं विधिक जिम्मेदारी है। इस दिशा में उनको ही नेतृत्व करना है।

(ङ) परीक्षार्थी अपने साथ परीक्षा भवन **(अर्थात परीक्षा भवन के मुख्य द्वार के अन्दर)** में कोई लिखी चिट, पुस्तक व नोट्स न लाने पावे। परीक्षार्थी प्रश्न–पत्रों के प्राप्त होने के पूर्व अपने डेस्क भी देख लें कि उसके अन्दर कोई अवैध सामग्री न रहे। यदि कोई ऐसी सामग्री परीक्षार्थी के पास पायी जायेगी तो उसका अर्थ यह समझा जायेगा कि वह नकल कर रहा था अथवा करने का प्रयास कर रहा था। परिप्रेक्षक प्रतिदिन प्रश्न–पत्रों के वितरण के पूर्व परीक्षार्थियों को इस सन्दर्भ में सतर्क कर दें।

(च) **परीक्षा हाल में नकल या नकल की चेष्टा :** पुस्तक/पुस्तकों छायाप्रति, कागज और अन्य नकल सामग्री, (परिचय पत्र, रुमाल, परिधान, पट्री, ज्यामिती डिब्बा, हथेली या शरीर के अन्य किसी भाग आदि पर लिखित सामग्री) संगणक–याददाश्तक सहित (जब तक प्रश्न पत्र में विशेष रूप से अनुमति न दी गयी हो), हेडफोन/मोबाइल/सेल फोन न ले जाने दिया जाय।

(छ) **उत्तर पुस्तिका में संकेत :** उत्तर पुस्तिका में प्रश्न पत्र से असम्बद्ध लिखित सामग्री यथा–अनुक्रमांक/फोन नम्बर, स्लोगन (जैसे–जय माता दी) भिन्न–भिन्न प्रकार के कलम और रंगों की स्याही, भिन्न–भिन्न तरीकों से रेखांकन (अण्डरलाइनिंग) जैसे–दो या तीन लाइनों को साथ/विशेष प्रकार की सजावट आदि।

(ज) परीक्षा जब तक चल रही हो उस बीच कोई भी परीक्षार्थी पुस्तक, नोट्स अथवा किसी प्रकार की अनाधिकृत सामग्री लेकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश न करने पावे। परीक्षार्थी से किसी भी सन्दर्भ में (चाहे प्रश्न–पत्र में मुद्रण की त्रुटि आदि से सम्बंधित ही क्यों न हो) कोई वार्ता परीक्षा कक्ष में न की जाए।

(झ) केन्द्र पर उड़ाकादल के पहुँचने पर उनका सहयोग किया जाए और सफल परीक्षा संचालन में उनसे सहयोग लिया जाए।

परीक्षा नियंत्रक

(ञ) परीक्षा के दौरान उड़ाकादल/कक्ष परिप्रेक्षक/केन्द्राध्यक्ष द्वारा परीक्षार्थी के पास से पकड़े गये अवैध सामग्री पर पकड़ने वाले व्यक्ति के हस्ताक्षर आवश्यक हों, जिसे केन्द्राध्यक्ष द्वारा प्रतिहस्तरित किया जाना है। साथ ही अवैध सामग्री पर सम्बन्धित परीक्षार्थी का भी हस्ताक्षर करायें। यदि परीक्षार्थी हस्ताक्षर करने से मना करता है तो तद्नुसार इस तथ्य को अपनी रिपोर्ट में इंगित कर दें।

(ट) अनुचित साधन प्रयोग से सम्बन्धी उत्तर पुस्तिकाएं उसी दिन सायं एवं सांय सत्र की उत्तर पुस्तिकाएं अगले दिन पूर्वाह्न परीक्षा नियंत्रक के नाम स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड पार्सल के माध्यम से अलग पैकेट में रखकर अनिवार्य रूप से प्रेषित कर दिये जाय तथा पैकेट के ऊपर पाठ्यक्रम कोड के साथ UFM उल्लेख किये जाय।

(ठ) किसी परीक्षार्थी के पास प्रवेश पत्र एवं परिचय पत्र होने एवं परीक्षा केन्द्र पर सीटिंग प्लान में नाम न होने पर परीक्षा से वंचित न किया जाय।

(ड) किसी परीक्षार्थी का प्रवेश पत्र के फोटो एवं परिचय पत्र से मिलान न होने पर परीक्षा में सम्मिलित न करायें।

(ढ) परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट तक यदि कोई शिक्षार्थी उपस्थित होता है तो उसे परीक्षा से वंचित न किया जाय।

(ण) किसी परीक्षार्थी के पास प्रवेश पत्र उपलब्ध न होने की स्थिति में बिना परीक्षा नियंत्रक से अनुमति लिये परीक्षा न दिलायें।

(त) किसी भी परीक्षार्थी को बिना कारण समय से छूट व अतिरिक्त समय न दें।

14. यदि कोई परीक्षार्थी बिना प्रवेश पत्र के परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता है और आप संतुष्ट हैं कि वह वास्तव में वही परीक्षार्थी है तो आप उसे उस दिन की परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति परीक्षा केन्द्र पर उपलब्ध जाँच–पत्र से मिलान करके प्रदान कर सकते हैं।

15. यदि किसी परीक्षार्थी का प्रवेश–पत्र परीक्षा के बीच में गायब हो जाता है तो उससे रू0 5.00 मात्र शुल्क तथा आवेदन–पत्र लेकर प्रवेश–पत्र की द्वितीय प्रति दे दें तथा प्राप्त धनराशि विश्वविद्यालय में जमा करा दे।

16. प्रश्न–पत्र वितरण हो जाने पर किसी भी परीक्षार्थी को एक घण्टे के पहले उत्तर पुस्तिका जमा कर अन्तिम रूप से परीक्षा भवन छोड़ने की अनुमति न दी जाए।

17. परीक्षार्थी केन्द्राध्यक्ष के नियंत्रण में रहेंगे और परीक्षार्थियों का कर्त्तव्य होगा कि केन्द्राध्यक्ष अथवा उनके द्वारा अधिकृत परिप्रेक्षकों के प्रत्येक निर्देश का पालन करें। यदि कोई परीक्षार्थी निर्देश की अवहेलना अथवा अभद्र व्यवहार करेगा तो केन्द्राध्यक्ष को अधिकार है कि उस परीक्षार्थी को परीक्षा से बहिष्कृत कर सकते हैं। ऐसे विषयों पर पूरी रिपोर्ट सभी आवश्यक अभिलेखों के साथ विश्वविद्यालय को भेजना आवश्यक है और उसी के आधार पर अपराध की गम्भीरता को देखते हुये परीक्षार्थी के विरुद्ध उसकी परीक्षा रद्द करने अथवा आवश्यक कार्यवाही जो भी उचित होगी परीक्षा समिति के निर्णयानुसार की जायेगी।

18. अगर कोई परीक्षार्थी उत्तर पुस्तिका साथ लेकर भाग जाता है तो पुलिस में प्राथमिक रिपोर्ट (FIR) पास के थाने में लिखित दे दें तथा उसकी एक प्रति कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक को भी भेजें। परीक्षार्थी का नाम, पता तथा अनुक्रमांक, परीक्षा का नाम, तिथि, मीटिंग तथा सम्बन्धित प्रश्न–पत्र का विवरण "FIR" में अवश्य लिखें।

सत्यापित
परीक्षा नियंत्रक

19. यदि कोई परीक्षार्थी अनुचित साधन प्रयोग करता हुआ तथा प्रयास करता हुआ पकड़ा जाय तो ऐसे परीक्षार्थी को दूसरी उत्तर पुस्तिका देकर प्रश्नों को हल करने एवं परीक्षा देने दिया जाए। उत्तर पुस्तिकाओं पर निम्नवत मुहर लगायी जाए।

(क) अनुचित साधन प्रयोग

(ख) नवीन उत्तर पुस्तिका

केन्द्राध्यक्ष से अपेक्षा की जाती है कि प्रपत्र प–3 पर अनुचित साधन का विस्तृत विवरण अंकित तथा प्रमाणित करने का कष्ट करें।

## (छ) प्रश्न–पत्र खोलना / वितरण

20. प्रश्न–पत्र के लिफाफे खोलने में अनावश्यक जल्दीबाजी न करें। विषय, प्रश्न–पत्र संकेतांक, तिथि, सत्र मिलाकर संतुष्ट होने पर ही प्रश्न–पत्र पैकेट काटें ताकि भूलचूक की गुंजाइश कदापि न रहे। इस प्रकार प्रश्न–पत्र खोलने से पूर्व भली भाँति सुनिश्चित कर लें कि उसी दिन होने वाला प्रश्न–पत्र खोला जा रहा है।

21. प्रश्न–पत्रों के लिफाफे, परीक्षा भवन के कक्ष में, कम से कम दो परिप्रेक्षकों के समक्ष खोले जाएं। केन्द्राध्यक्ष तथा साक्षी परिप्रेक्षक अपने स्पष्ट हस्ताक्षर पद के साथ लिफाफे पर निर्दिष्ट स्थान पर करें। इस बात का ध्यान रखें कि लिफाफे की सील अन्त तक न टूटे।

प्रश्न–पत्र के वितरण के पूर्व लिफाफे के प्रश्न–पत्रों की गिनती करा के देख लें कि उनकी संख्या उतनी ही है जितनी लिफाफे के ऊपर अंकित है तथा प्रश्न पत्र को पढ़ के देख लें कि यह वही प्रश्न–पत्र है। विसंगति मिलने पर सूचित करें।

22. प्रश्न–पत्रों के वितरण होने के बाद परिप्रेक्षकों के माध्यम से निश्चित कर लें कि सभी परीक्षार्थियों को सही प्रश्न–पत्र प्राप्त हो गये हैं। यह अत्यन्त आवश्यक है।

23. यदि किसी अभ्यर्थी के लिए किन्हीं कारणों से प्रश्न–पत्र कम हो जाये तो उसे प्रश्न–पत्र की सहायता से लिख दिया जाए और जितना समय उस कार्यवाही में नष्ट हो उतना समय अभ्यर्थी को दे दिया जाय। इस कार्यवाही की सूचना तुरन्त दी जाए।

## (ज) कक्ष परिप्रेक्षक कार्य

24. कक्ष परिप्रेक्षकों के लिए निर्देश अलग से भेजे जा रहे हैं।

## (झ) परीक्षा प्रपत्र प–1, प–2, प–3, प–4, प–5, प–6, प–7, प–8, प–9 का प्रेषण

25. सभी प्रपत्रों को सावधानी से अध्ययन कर लिया जाए और यथा समय उस पर प्रविष्टि अंकित कर पैकेटों के माध्यम से परीक्षा नियंत्रक कार्यालय को परीक्षा समाप्ति की तिथि से एक हफ्ते के अन्दर एक साथ सुव्यवस्थित एवं क्रमबद्ध तिथियों के अनुसार पंजीकृत डाक से अनिवार्य रूप से प्रेषित कर दिया जाए पैकेटों पर प्रपत्र का उल्लेख जरूर कर दिया जाय।

## (ट) उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन / पैकेट बनाना / हस्तान्तरण

26. (क) कक्ष परिप्रेक्षक से उत्तर पुस्तिका वापस लेते समय / उत्तर पुस्तिका के पैकेट बनाते समय सावधानी आवश्यक है। <u>प्रत्येक दिन प्रत्येक पाली की परीक्षा समाप्त होते ही उत्तर पुस्तिकाएं एकत्र करके रोल नम्बर के क्रमानुसार लगा ली जायें।</u>

प्रत्येक प्रश्न–पत्र की उत्तर पुस्तिकाओं को अलग–अलग पहले कागज में लपेट कर सुतली से बंधवा कर सील करावें तत्पश्चात् लिफाफे में अथवा कपड़े में सिलवाकर पुनः सील

परीक्षा नियंत्रक

करावें और यदि पैकेट छोटे हैं तो **उन्हें क्लाथ लाइन्ड लिफाफे में रखकर सील करावें। पैकेट में प्रपत्र प–6 अवश्य रखें।**

(ख) इस वर्ष प्रेषित उत्तर पुस्तिकाओं (अ) का प्रयोग यथा सम्भव क्रमानुसार करेंगे तथा गत वर्ष प्रेषित सभी पुरानी उत्तर–पुस्तिकाओं को किसी भी कारण से केन्द्र पर न रोका जाय।

(ग) प्रयुक्त उत्तर पुस्तिका कोरियर व रेलवे पार्सल से न भेजी जाय।

27. परीक्षा समाप्त होने के आधे घण्टे के अन्दर ही समस्त प्रयुक्त लिखित उत्तर पुस्तिकाओं को उसी दिन सीलबन्द किया जाए।

28. यू०एफ०एम० और यू०सी०ओ० (अण्डर कोर्ट आर्डर) की उत्तर पुस्तिकायें अलग–अलग पैकेट में सील की जायें एवं पैकेट पर तत्सम्बन्धी विवरण अंकित कर विश्वविद्यालय भेजवाया जाये।

29. उत्तर पुस्तिकाओं के पैकेट पर अधोलिखित प्रारूप के विवरण के अतिरिक्त कुछ न लिखा जाय।

परीक्षा केन्द्र का नाम ..........................................

परीक्षा केन्द्र संख्या ..........................................

परीक्षा .................... विषय/प्रश्न–पत्र ....................

| | | |
|---|---|---|
| यदि एक संकेतांक में एक ही पैकेट बना है तो उत्तर पुस्तिका सं० के नीचे "केवल एक" अंकित किया जाय यदि एक संकेतांक में दो या अधिक पैकेट बनाये गये हैं तो उत्तर पुस्तिका सं० के नीचे रोमन अंकों में I, II, III आदि लिखा जाय। | दिनांक/सत्र .................. संकेतांक..................<br><br>उ०पु० संख्या ..........................................<br><br>पैकेट क्रमांक .......................................... | यदि पैकेट अनुचित साधन प्रयोग या न्यायालय आदेश का है तो ये शब्द उत्तर पुस्तिका सं० के नीचे अंकित किया जाय। |

## (ठ) परीक्षा केन्द्र पर अन्तिम दिवस की परीक्षा समाप्त हो जाने पर

30. सम्पूर्ण परीक्षा समाप्त होने पर बचे हुए प्रश्न–पत्र, प्रश्न–पत्रों के लिफाफे, प्रपत्र तथा अन्य परीक्षा सामग्रियाँ डाक द्वारा परीक्षा नियंत्रक कार्यालय को प्रेषित किये जायें।

31. जाँच–पत्र प–4, प–6, प–7 प्रपत्र एवं शेष सादी उत्तर पुस्तिकाएँ परीक्षा समाप्ति पर क्रमबद्ध करके विश्वविद्यालय परीक्षा कार्यालय को एक हफ्ते के अन्दर अनिवार्य रूप से अवश्य भेजा जाय। इसके अभाव में परीक्षाफल प्रकाशन बाधित होगा एवं परीक्षा देयक का भुगतान पारित करना सम्भव नहीं होगा।

32. कन्टिजेन्ट व्यय का बिल प्रपत्र–5 पर सभी रसीदों के साथ परीक्षा समाप्त हो जाने पर भेजें। इसका विशेष ध्यान रखें कि प्रत्येक मद पर कम से कम व्यय हो। प्रत्येक व्यय का मूल भुगतान वाउचर संलग्न होना आवश्यक है। प्रपत्र–8 एवं 9 में केन्द्राध्यक्ष/सहायक केन्द्राध्यक्ष/कक्ष परिप्रेक्षकों आदि से सम्बन्धित सभी मूल देयक परीक्षा समाप्ति के 15 दिन के अन्दर अनिवार्य रूप से भेजे।

संशोधित
परीक्षा नियंत्रक

33. परीक्षा समाप्त होने पर परीक्षा सम्बन्धी महत्वपूर्ण तथ्यों का उल्लेख करते हुए एक विस्तृत रिपोर्ट भेजें।

34. सम्पूर्ण परीक्षा के उपरान्त बची हुई उत्तर पुस्तिकाओं को प्रपत्र प–2 में अंकित करते हुए विश्वविद्यालय को वापस किया जाना है।

35. परीक्षा के सफल एवं समुचित संचालन में जिला प्रशासन/पुलिस की सहायता प्राप्त करें।

36. वास्तविक कन्टिजेन्ट व्यय अतिरिक्त परीक्षा केन्द्र पर कार्यरत व्यक्तियों को निम्नलिखित दर से पारिश्रमिक अनुमन्य होगा :—

| | | |
|---|---|---|
| (1) | केन्द्राध्यक्ष | – रू0 105/– प्रति पाली |
| (2) | सहायक केन्द्राध्यक्ष | – रू0 100/– प्रति पाली |
| (3) | कक्ष परिप्रेक्षक | – रू0 90/– प्रति पाली |
| (4) | परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा संचालन में लगाये गये तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्पूर्ण परीक्षा अवधि के लिए देय | – रू0 8/– प्रति पंजीकृत परीक्षार्थी अथवा न्यूनतम रू0 800/– एवं अधिकतम रू0 15000/– |
| (5) | वाटर मैन | – रू0 15/– प्रति पाली |
| (6) | स्वच्छता कर्मी | – रू0 15/– प्रति पाली |

परीक्षा नियंत्रक

अ. पारीत

परीक्षा नियंत्रक

करते हुए पाये जायें तो उनको दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत दण्डित करने की व्यवस्था की जाए।

6 परीक्षा भवन के दरवाजे अथवा गेट में ताला न लगाया जाये तथा उन्हें खुला रखा जाए।

7 केन्द्राध्यक्षों को चाहिये कि वे उन सभी परीक्षार्थियों की एक सूची तैयार कर विश्वविद्यालय को अवश्य भेजें जो किसी अध्यापक / लिपिक / प्राचार्य / प्राचार्या अथवा प्रबन्ध समिति के सदस्य के सम्बन्धी हों और उनके केन्द्र से संस्थागत / व्यक्तिगत रूप से विश्वविद्यालय की किसी परीक्षा में सम्मिलित हो रहें हों।

सहायक केन्द्राध्यक्ष–

8–परीक्षा कार्य सुचारु रूप से क्रियान्वित करने हेतु केन्द्राध्यक्ष निम्नलिखित विवरणानुसार एक पाली में पंजीकृत परीक्षार्थियों के अनुसार सहायक केन्द्राध्यक्षों की नियुक्ति कर सकते हैं:

| | | |
|---|---|---|
| परीक्षार्थी संख्या 001 से 100 तक | पर | एक |
| परीक्षार्थी संख्या 100 से 300 तक | पर | दो |
| परीक्षार्थी संख्या 300 से 500 तक | पर | तीन |
| परीक्षार्थी संख्या 500 से अधिक | पर | चार अधिकतम। |

सहायक केन्द्राध्यक्ष उसी विद्यालय के अध्यापक होने चाहिये, जिन्हें वरिष्ठता के वरीयक्रमानुसार नियुक्त किया जाये।

कक्ष–निरीक्षक / सहायक कक्ष निरीक्षक

9–(क) प्रत्येक 20 छात्रों के लिये एक कक्ष–निरीक्षक की नियुक्ति की जायेगी परन्तु किसी भी एक कक्ष में दो से कम कक्ष–निरीक्षक नहीं रहेंगे।

(ख) सहायक कक्ष–निरीक्षक को आवश्यकता के अनुसार नियुक्त किया जा सकता है :–

| | | |
|---|---|---|
| परीक्षार्थी संख्या 001 से 100 तक | पर | एक |
| परीक्षार्थी संख्या 100 से 300 तक | पर | दो |
| परीक्षार्थी संख्या 300 से 500 तक | पर | तीन |
| परीक्षार्थी संख्या 500 से अधिक | पर | चार अधिकतम। |

(ग) जिन अध्यापकों की ड्यूटी कक्ष–निरीक्षक के रूप में लगायी जाये उनके पास फोटो युक्त परिचय–पत्र, जिनमें नाम, महाविद्यालय का नाम, पढ़ाये जाने वाले विषय का नाम एवं शैक्षिक योग्यता आदि का पूर्ण विवरण अंकित हो, का होना अनिवार्य है।

(घ) केन्द्राध्यक्षों को चाहिये कि ऐसे अध्यापकों को जो विश्वविद्यालय की परीक्षा में सम्मिलित हो रहें हों, कदापि कक्ष–निरीक्षक नियुक्त न करें, चाहें उसके प्रश्नपत्र की परीक्षा समाप्त ही क्यों न हो गयी हो।

आन्तरिक उड़नदस्ते का गठन (आवश्यकता पड़ने पर)–

: आन्तरिक उड़नदस्ता की व्यवस्था निम्नलिखित विवरणानुसार अनुमन्य होगी–

–प्रति पाली में वास्तविक छात्र संख्या 50 तक पर कोई उड़नदस्ता नहीं होगा।

–प्रति पाली में वास्तविक छात्र संख्या 51 से 100 तक 01 उड़नदस्ता 02 सदस्यीय।

–प्रति पाली में वास्तविक छात्र संख्या 101 से 500 तक के लिये 02 उड़नदस्ता प्रत्येक 02 सदस्यीय।

–प्रति पाली में वास्तविक छात्र संख्या 501 से अधिक होने पर 03 उड़नदस्ता 02 सदस्यीय (अधिकतम) अनुमन्य है।

तृतीय श्रेणी व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी–

10–(क) परीक्षा कार्य हेतु निम्नलिखित विवरणानुसार प्रति पाली में पंजीकृत परीक्षार्थियों के अनुसार लिपिक की नियुक्ति कर सकते हैं :–

| | | |
|---|---|---|
| परीक्षार्थी संख्या 001 से 150 तक | पर | एक |
| परीक्षार्थी संख्या 151 से 300 तक | पर | दो |

परीक्षा नियंत्रक

परीक्षार्थी संख्या 500 से अधिक पर तीन

(ख) सफाई कार्य हेतु निम्नलिखित पंजीकृत परीक्षार्थियों के अनुसार दफ्तरी, सफाईकर्मी को नियोजित कर सकते हैं :–

परीक्षार्थी संख्या 001 से 500 तक पर एक

परीक्षार्थी संख्या 501 से 1500 तक पर दो

परीक्षार्थी संख्या 1500 से अधिक पर तीन

(ग) परीक्षा अवधि में 02 जल वाहक प्रति पाली लगाया जाए।

(घ) परीक्षा अवधि में 01 इलेक्ट्रिशियन प्रति पाली लगाया जाए।

(ङ) परीक्षा अवधि में चपरासी 40 पर 01 लगाए जाए।

मार्ग रक्षक निरीक्षक–

11–परीक्षा–केन्द्र से परीक्षोपरान्त सील लिखित उत्तर–पुस्तिकाओं / ओ.एम.आर. शीट के बण्डल प्रत्येक दशा में उसी दिन ही नोडल सेन्टर में जमा कर दिये जायें। जिन परीक्षा केन्द्रों में नोडल सेन्टर की व्यवस्था नहीं की गयी है वह केन्द्र सील, लिखित उत्तर–पुस्तिकाओं / ओ.एम.आर. शीट के बण्डल प्रत्येक दूसरे दिन विश्वविद्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें।

मार्ग रक्षक निरीक्षक की नियुक्ति लिपिक वर्ग में से जहां तक सम्भव हो की जाये। बण्डल वाहक द्वारा विश्वविद्यालय / नोडल सेन्टर ले जाते समय रास्ते में गिर न जाये इसके लिए बण्डल वाहकों को सतर्क कर दिया जाये।

12–केन्द्र पर सुरक्षा कार्य के लिये वहां पर कार्य करने वाले चौकीदार एवं अनुचरों से कार्य लेना चाहिये यदि उसके उपरान्त भी आवश्यकता हो तो पुलिस की सहायता लेनी चाहिये।

13–किसी प्रश्नपत्र के लिये अधिकतम आधा घंटा तक देर से आने वाले परीक्षार्थियों को यदि केन्द्राध्यक्ष उचित समझें तो परीक्षा में बैठने की अनुमति दे सकते हैं तथा ऐसे परीक्षार्थियों का विवरण तैयार करना चाहिये, जिसमें परीक्षार्थियों का नाम, अनुक्रमांक, प्रश्नपत्र और आने का समय होना चाहिये, परन्तु आधे घंटे से अधिक देर से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति कदापि न दी जाये।

14–कक्ष–निरीक्षकों का यह कर्तव्य होगा कि वे इस बात की जांच भली भांति कर लें कि प्रत्येक परीक्षार्थी ने अपनी उत्तर–पुस्तिका के आवरण–पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक सही सही (जो उसके प्रवेश–पत्र पर अंकित है) लिखा है इसके लिये परीक्षार्थी को निर्देशित कर देना चाहिये कि वे उत्तर–पुस्तिका जमा करते समय उसके आवरण पृष्ठ पर अपने अनुक्रमांक की जांच कक्ष–निरीक्षक द्वारा अवश्य करा लें। यह अत्यन्त आवश्यक है क्योंकि, अनुक्रमांक अशुद्ध होने से परीक्षाफल अपूर्ण रह जाते हैं तथा उनको पूर्ण करना कठिन ही नहीं अपितु असम्भव सा हो जाता है, अतः निरीक्षक का ध्यान इस दायित्व की ओर विशेष रूप से आकर्षित किया जाता है।

15–कक्ष–निरीक्षकों को चाहिये कि परीक्षा समय की समाप्ति के पांच मिनट पूर्व परीक्षा कक्ष के द्वार बन्द कर लें और जब तक उत्तर–पुस्तिका का हिसाब न मिल जाये परीक्षार्थी को बाहर न निकलने दें।

16–यदि किसी हाल या बड़े कमरे को अस्थायी रूप से पर्दे या काष्ठ के फट्टों के द्वारा कई भागों में विभक्त कर दिया गया है तो परीक्षा के समय उसे हटा लेना चाहिये, जिससे कम से कम निरीक्षकों की आवश्यकता पड़े।

17–यदि कमरों में श्यामपट्ट दीवार पर लगा हो अथवा पृथक से श्यामपट्ट की व्यवस्था हो तो उसे चिकनी मिट्टी से पोत दिया जाये। निरीक्षकों को निर्देश दे दिया जाये कि प्रत्येक दिन परीक्षा विषय, दिनांक, कुल उपस्थित छात्रों की संख्या तथा कक्ष–निरीक्षकों का नाम परीक्षा कक्ष के बाहर कागज पर अंकित करके दीवार पर चस्पा कर दें।

18–प्रतिदिन परीक्षा आरम्भ होने से पहले कमरे की सफाई कर देनी चाहिये, जिससे कमरे में कोई कागज पड़ा न रह जाये। कमरे में नक्शे, चित्र, ड्राइंग आदि लटके हुए न हों।

परीक्षा नियंत्रक

परीक्षा व्यय

3.3 विश्वविद्यालयों के शैक्षिक तथा शिक्षणेतर कर्मचारियों के लिए परीक्षा संचालन पारिश्रमिक की दरें :

| क्रमांक | मद | दर (रुपये में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | परीक्षा केन्द्रों का पारिश्रमिक | |
| | (क) कक्ष निरीक्षक | 90.00 प्रति पाली |
| | (ख) सहायक केन्द्राध्यक्ष | 100.00 प्रति पाली |
| | (ग) केन्द्राध्यक्ष | 105.00 प्रति पाली |
| 2. | केन्द्र व्यय (सेन्टर चार्जेज) | 8/- प्रति परीक्षार्थी न्यूनतम |
| | (क) तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | रु.800 तथा अधिकतम रु. 15000/- |
| | (ख) वाटर मेन | रु 15/- प्रति पाली |
| | (ग) सफाई कर्मी | रु. 15/- प्रतिपाली |
| 3. | प्रायोगिक परीक्षा | |
| | (क) प्रयोगशाला सहायक (प्रतिदिन) | 23.00 |
| | (ख) प्रयोगशाला परिचर | 15.00 |
| 4. | उड़नदस्ते के सदस्यों का पारिश्रमिक | |
| | (क) प्रतिसदस्य (प्रतिदिन आंतरिक) | 90.00 |
| | (ख) प्रतिसदस्य (प्रतिदिन बाहर जाने पर) | 90.00 तथा वि.वि. के नियमानुसार प्रासंगिक व्यय |
| 5. | प्रायोगिक परीक्षा | |
| | (क) स्नातक/बी.एड. (प्रति छात्र) | 12.00 |
| | (न्यूनतम में) | 450.00 |
| | (ख) स्नातकोत्तर (प्रति छात्र) | 18.00 |
| | (न्यूनतम में) | 600.00 |
| 6. | लघु शोध मूल्यांकन (प्रत्येक) | 60.00 |



परीक्षा नियंत्रक

राज्य विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों के शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की परीक्षा संबंधी कार्यों की पारिश्रमिक दरों का पुनरीक्षण

शासनादेश संख्या-306/सत्तर-1-2011-15(32)/81 दिनांक 29 मार्च, 2011 का संलग्नक :-

| क्रमांक | मद | वर्तमान दर (रुपये में) | पुनरीक्षित दर (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | परीक्षा केन्द्रों का पारिश्रमिक | | |
| | (1) कक्ष निरीक्षक | 60.00 | 90.00 |
| | (2) सहायक केन्द्राध्यक्ष | 65.00 | 100.00 |
| | (3) केन्द्राध्यक्ष | 70.00 | 105.00 |
| 02 | केन्द्र व्यय (सेन्टर-चार्जेज) | | |
| | (1) तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (प्रति परीक्षार्थी) | 5.00 | 8.00 |
| 03 | प्रायोगिक परीक्षा | | |
| | (1) प्रयोगशाला सहायक (प्रतिदिन) | 15.00 | 23.00 |
| | (2) प्रयोगशाला परिचर | 10.00 | 15.00 |
| 04 | उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन | | |
| | (1) स्नातक (प्रति पुस्तिका) | 10.00 | 15.00 |
| | (2) परास्नातक (प्रति पुस्तिका) | 12.00 | 18.00 |
| 05 | प्रश्न पत्र बनाना | | |
| | (1) स्नातक | 400.00 | 600.00 |
| | (2) परास्नातक | 600.00 | 900.00 |
| 06 | उड़नदस्ते के सदस्यों का पारिश्रमिक | | |
| | (1) प्रति सदस्य (प्रतिदिन आंतरिक) | 60.00 | 90.00 |
| | (2) प्रति सदस्य (प्रतिदिन बाहर जाने पर) | 60.00 तथा विश्वविद्यालय के नियमानुसार प्रासंगिक व्यय | 90.00 तथा विश्वविद्यालय के नियमानुसार प्रासंगिक व्यय |
| 07 | पी०एच०डी०/डी०लिट० की थिसिस पढ़ने व मौखिक परीक्षण | | |
| | (1) पी०एच०डी० (थिसिस पढ़ना) | 500.00 | 750.00 |
| | (2) पी०एच०डी० (मौखिक परीक्षण) | 400.00 | 600.00 |
| | (3) डी०लिट० (थिसिस पढ़ना) | 700.00 | 1050.00 |
| | (4) डी०लिट० (थिसिस मौखिक परीक्षण) | 500.00 | 750.00 |
| 08 | प्रायोगिक परीक्षा | | |
| | (1) स्नातक/बी०एड० (प्रति छात्र) | 8.00 | 12.00 |
| | (न्यूनतम) | 300.00 | 450.00 |
| | (2) स्नातकोत्तर (प्रतिछात्र) | 12.00 | 18.00 |
| | (न्यूनतम) | 400.00 | 600.00 |
| 09 | लघु शोध मूल्यांकन (प्रत्येक) | 40.00 | 60.00 |

(अवनीश कुमार अवस्थी)
सचिव

सत्यापित
परीक्षा नियंत्रक

45

# उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

संलग्नक- 09

विश्वविद्यालय मुख्य परिसर,शान्तिपुरम्, सेक्टर "एफ" फाफामऊ,

इलाहाबाद

पी0पी0 दुबे
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक उ0मु0वि0/परीक्षा(गो.)/47-95/2015

दिनांक 02--07--2015

सेवा में,

प्राचार्य/समन्वयक,
छत्रधारी महाविद्यालय,
चन्दौली

*विषय –परीक्षा जून 2015 की उत्तरपुस्तिका (प्रयुक्त) विलम्ब से प्रेषित करने के सम्बन्ध में।*

महोदय,

सूचित करना है कि सत्रांत परीक्षायें जून 2015 हेतु आपके अध्ययन केन्द्र को परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। जैसा कि आप अवगत है कि परीक्षायें दिनॉक 26--05--2015 से प्रारम्भ हुई थी। आपके केन्द्र पर परीक्षायें सम्पन्न कराई गयी, किन्तु स्पष्ट निर्देशों के बावजूद भी आपके केन्द्र द्वारा प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकायें विश्वविद्यालय को समयान्तर्गत नहीं भेजी गई। आप द्वारा स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनॉक 24--06--2015 को प्रेषित प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं के 06 बण्डल विश्वविद्यालय में प्राप्त हुए है, (बण्डलों पर चस्पा स्पीड पोस्ट रसीद के अनुसार)। अस्तु स्पष्ट है कि प्रयुक्त उत्तर पुस्तिका प्रेषण सम्बन्धी निर्देशों का आपके परीक्षा केन्द्र द्वारा सम्यक् अनुपालन नहीं किया गया। इस प्रकार की अवहेलना के लिए केन्द्राध्यक्ष के रूप में आप स्वयं जिम्मेदार है। यह कृत्य निर्देशों का अनुपालन न किया जाना, लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता का द्योतक/परिचायक है।

सूच्य है कि जून 2015 की प्रयुक्त उत्तर पुस्तिका के प्रेषण समयानुसार न किये जाने के सम्बन्ध में आप एक सप्ताह के अन्दर अपना स्पष्ट अभिमत प्राप्त कराये, अन्यथा की स्थिति मे अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा की जा सकती है, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होगें।

सत्यापित
परीक्षा नियंत्रक

भवदीय

डॉ.(पी.पी.दुबे)
परीक्षा नियंत्रक

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

# उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय मुख्य परिसर,शान्तिपुरम्, सेक्टर "एफ" फाफामऊ,

इलाहाबाद

डॉ.पी.पी. दुबे
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक ओ.यू. / परीक्षा(गो.) / 4834 / 2015

दिनांक 07–07–2015

सेवा में,

प्राचार्य / समन्वयक,
कृष्ण सुदामा संस्थान, कैथी,
वाराणसी।

*विषय :- परीक्षा जून 2015 की उत्तरपुस्तिका (प्रयुक्त) विलम्ब से प्रेषित करने के सम्बन्ध में।*

महोदय,

उपर्युक्त विषयक परीक्षा जून 2015 की परीक्षा दिनॉक 26–05–2015 से प्रारम्भ हुई थी, जिसके अनुसार आप द्वारा परीक्षा सम्पन्न कराई गयी है। प्रश्न–पत्र PGBCH-02 की परीक्षा दिनॉक 24–06–2014 को सम्पन्न हुई है, परन्तु आप द्वारा स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनॉक 01–07–2015 को प्रेषित उत्तर पुस्तिका(प्रयुक्त) के 01 पैकेट / बण्डल प्राप्त हुए है, (बण्डलों पर चस्पा स्पीड पोस्ट रसीद के अनुसार), अस्तु स्पष्ट है कि प्रयुक्त उत्तर पुस्तिका प्रेषण सम्बन्धी निर्देशों की अपेक्षा परीक्षा केन्द्र द्वारा सम्यक् अनुपालन नहीं किया गया। इस प्रकार की अवहेलना के लिए केन्द्राध्यक्ष के रूप में आप स्वयं जिम्मेदार है। आप द्वारा की गयी छात्र / छात्राओं के प्रति लापरवाही, स्वेच्छाचारिता का द्योतक / परिचायक है।

सूच्य है कि जून 2015 की प्रयुक्त उत्तर पुस्तिका के प्रेषण समयानुसार न किये जाने के सम्बन्ध में आप एक सप्ताह के अन्दर अपना स्पष्ट अभिमत प्राप्त कराये, अन्यथा की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा की जा सकती है, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होगें।

अनुमोदित
परीक्षा नियंत्रक

o/c

भवदीय

डॉ.(पी.पी.दुबे)
परीक्षा नियंत्रक

अंतग्गक - 10

(04)

सेवा में,

श्रीमान जन सूचना अधिकारी महोदय,
परीक्षा नियन्त्रक महोदय,
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
शान्ती पूरम सेक्टर एफ फाफामऊ इलाहाबाद–211013

विषय :– सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा–6 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

निवेदन है कि प्रार्थी आपके कार्यालय से निम्नलिखित प्रश्नो की सूचना चाहता है जिसका अधिनियम द्वारा निर्धारित न्याय शुल्क के रूप में भारतीय पोस्टल आर्डर सं0 [illegible] दिनांक 12-02-2015 मूल रूप से प्रेषित किया जा रहा है।

प्रश्न–1 प्रशान्त चौधरी पुत्र हरी लाल चौधरी नि0 ए/520 आवास विकास कालोनी उन्नाव जनपद उन्नाव आपके संस्थान से बी0बी0ए0 का छात्र सत्र 2009, 2010 रहा था जिसका इनरोलमेन्ट नं0– 922661080008 है क्या वह सभी समेस्टरो की परीक्षा मे सामिल रहा था। जिसका परीक्षा केन्द्र सी0टेक टेक्निकल कालेज उन्नाव था।

प्रश्न–2 छात्र प्रशान्त चौधरी को बी0बी0ए0 स्नातक 2013 में जो अंक तालिका उपलब्ध करायी गयी है वह अपूर्ण है और अंक तालिका में बी0बी0ए0 1.1 प्रथम समेस्टर यू0जी0आर0एस0टी0 द्वितीय समेस्टर व बी0बी0ए0 2.1, 2.2,2.3,2.4 द्वितीय समेस्टर व सी0एच0ई0क्यू/ईए चतुर्थ समेस्टर व बी0बी0ए0 5.4 पंचम समेस्टर के अंक अंकतालिका में शमिल नही है इसलिए अंक तालिका अपूर्ण है अपूर्ण अंक तालिका का क्या कारण है।

प्रश्न–3 छात्र प्रशान्त चौधरी द्वारा अपूर्ण अंक तालिका में सभी समेस्टरो के अंको को अंक तालिका मे प्रविष्ट हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया है उसमें क्या कार्यवाही की गयी है ? अंक तालिका की छायाप्रति संलग्न है।

दिनांक - 15-02-2015

प्रार्थी–

विनय मोहन एडवोकेट
पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएसन उन्नाव
कचेहरी कोर्ट कम्पाउण्ड निकट
पुलिस माल खाना उन्नाव
मो0 न0– 7376938009

विनय मोहन एडवोकेट
उन्नाव
रजि0न0–2976/85

सम्प्रेषित
परीक्षा नियंत्रक

03/03
20.2.15
कार्य दिनांक 10/03/15
को प्राप्त 842 10/03/15

49

N (08)
RTI- 476

सेवा में,

श्रीमान परीक्षा नियन्त्रक/जन सूचना अधिकारी,
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्व विद्यालय
शान्तिपुरम सैक्टर एफ-फाफामऊ ,इलाहाबाद।

विषय:– सूचना अधिकार अधि0 2005 के साथ अंकतालिका उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

प्रार्थी को निम्नलिखित सूचना व अंकपत्र उपलब्ध कराये जाये– प्रार्थी ने वी0एस0एस0डी0 कालेज कानपुर से अध्ययन केन्द्र से यू0जी0 एस0टी0-1, यू0 जी0एस0टी0-2, यू0जी0एस0टी0-3 की परीक्षा वी0एस0 एस0डी0 अध्ययन केन्द्र कानपुर से परीक्षा में सम्मिलित होकर दी थी जो वर्ष जून 2013 मे सम्पन्न हुई ।परीक्षाफल आने पर केवल यू0जी0एस0टी0-1 के अंकों की अंकतालिका प्रार्थी को उपलब्ध कराई गयी ।दी गई परीक्षा यू0जी0एस0टी0-2 व यू0जी0एस0टी0-3 के प्राप्त अंकों की अंकतालिका उपलब्ध नही कराई गयी जिससे प्रार्थी के साथ अन्याय हुआ है और प्रार्थी सम्पूर्ण अंकतालिका उपलब्ध न होने के कारण किसी सेवा में आवेदन हेतु आवेदन करने में असमर्थ हो गया है ।प्रार्थी ने वी0एस0एस0डी0 अध्ययन केन्द्र कानपुर में सम्पूर्ण अंकतालिका के लिये आवेदन किया वहां से आख्या सम्पूर्ण अंकों की अंकतालिका न प्राप्त होने की दी गई ।उसके बाद प्रार्थी स्वयं परीक्षा नियन्त्रक के यहां आकर उपस्थित होकर सम्पूर्ण अंक तालिका यू0जी0एस0टी0-2 व यू0जी0एस0टी0-3 के प्राप्त अंको की अंकतालिका प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया 10-10-14 बादहू 14-10-14 को दिया लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई और न सम्पूर्ण अंकतालिका उपलब्ध हुई। मजबूर होकर प्रार्थी सूचना अधिकार अधिनियम के तहत यू0जी0 एस0टी0-2 व यू0जी0एस0टी0-3के साथ प्राप्त सम्पूर्ण अंकतालिका चाहता है जो उसे अविलम्ब उपलब्ध कराई जाय ताकि उसका भविष्य अन्धकारमय न हो ।प्राथी आवेदन के साथ पोस्टल आर्डर सूचना प्राप्त करने हेतु व अंक तालिका प्राप्त करने हेतु 10/-, 10/- कीमत के संलग्न कर रहा है और प्रार्थनापत्रों की छायाप्रतियां भी संलग्न कर रहा है।

दिनांक:– 11-11-2014

संलग्नक:–
1– 10रू0का पोस्टलआर्डरसं0सं0– 23F 786925
2– 10रू0का पोस्टलआर्डर सं0– 23F 786924
3– अध्ययनकेन्द्र में दिएगए प्रा0पत्र की छायाप्रति
4– परीक्षा नियन्त्रक को दिएगए प्रा0पत्र की छायाप्रति
5– परीक्षा में उपस्थित पंजिका की छायाप्रति ।
6– अंक पत्र जून 2014 की छायाप्रति

प्रार्थी
Rajeev Kumar Singh
राजीवकुमारसिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह
नामांकन सं0– 220111060008
कोर्स– बी0जी0एस0एस0
निवासी– ग्राम कुशलपुर (Kushal Pur)
पो0 रजीपुर
जनपद फर्रुखाबाद
209724
मो0नं0–8009?150775

परीक्षा नियंत्रक
05/9SD
14-11-14
15-11-14 को प्राप्त
15-11-14

सेवा मे-
परीक्षा नियंत्रक
उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त वि० वि०
इलाहाबाद

विषय- अंकपत्र सुधार AOCOM- सत्रांक - 2010 - 2013

10.06.2013

महोदय -

सविनय निवेदन है कि मै राजू कुमार गुप्ता B.COM-III ENR No - 021141020013 सत्रांक 2010 - 2013 की अंक प्रमाण पत्र मे AOCOM का अंक नहीं चढ़ पाया है अतः आप से सविनय निवेदन है कि मेरी अंक प्रमाण पत्र मे सुधार करने की कृपा करे -

प्रार्थी
राजू कुमार गुप्ता
ENRT NO- 021141020013
केन्द्र- S-/114
कुबेर सुदामा पी०जी० कालेज
मरदाह सादात गाजीपुर
मो नं० 9506468393
2005

OSD EXAM/COE Sir
June-2013

AOCOM —
पूर्ण से अप्राप्त है।

ह० 05050 से अंक सत्यापित कराना

चाहें।

24/03/15

R.T की छाया प्रति संलग्न है।
24/03/015

श्री ईश्वर नाथ जी

24.3.15

संस्तुति
परीक्षा नियंत्रक

# उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय परिसर, शांतिपुरम्, (सेक्टर – एफ) फाफामऊ

इलाहाबाद – 211013

सरस्वती नः सुभगा मयस्करत्।।

## उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति के बैठक की कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक संख्या | : | 21वीं |
| दिनांक | : | 16 नवम्बर 2015 |
| समय | : | अपराह्न 03.00 बजे |
| स्थान | : | कमेटी कक्ष |

# उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

दिनांक 16 नवम्बर 2015 को अपराह्न 03.00 बजे विश्वविद्यालय के कमेटी कक्ष में सम्पन्न परीक्षा समिति की 21वीं बैठक का कार्यवृत्त

उपस्थिति :–

| | |
|---|---|
| 1. प्रो0 एम. पी. दुबे,<br>कुलपति,<br>उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद। | अध्यक्ष |
| 2. प्रो0 एस. पी. गुप्ता,<br>निदेशक, शिक्षा विद्या शाखा,<br>उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद। | सदस्य |
| 3. डॉ0 एम. एन. सिंह,<br>निदेशक, समाज विज्ञान विद्या शाखा,<br>उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद। | सदस्य |
| 4. डॉ0 ओमजी गुप्ता,<br>निदेशक, प्रबन्धन अध्ययन विद्या शाखा,<br>उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद। | सदस्य |
| 5. डॉ0 पी. पी. दुबे,<br>निदेशक, कृषि विज्ञान विद्या शाखा<br>उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद। | सदस्य |
| 6. डॉ0 संतोषा कुमार,<br>एसोसिएट प्रोफेसर, समाज विज्ञान विद्या शाखा,<br>उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद। | सदस्य |
| 7. परीक्षा नियंत्रक,<br>उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद। | सदस्य सचिव |

विशेष आमंत्रित सदस्य

| | |
|---|---|
| 1. डॉ. टी.एन. दुबे, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं प्रभारी अध्ययन केन्द्र,<br>उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद। | आमंत्रित सदस्य |
| 2. श्री डी.पी. त्रिपाठी, कुलसचिव,<br>उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद। | आमंत्रित सदस्य |

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

84,

# परीक्षा समिति की 21वीं बैठक हेतु प्रस्तावित कार्य बिन्दु

21.01 परीक्षा समिति की 20वीं बैठक दिनांक 08/07/2015 के कार्यवृत की पुष्टि।

21.02 परीक्षा समिति की 20वीं बैठक दिनांक 08/07/2015 में लिये गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही से अवगत होना।

21.03 श्री मनोज कुमार मिश्रा द्वारा BCA-18 एवं डॉ0 सुभाष चन्द्र यादव द्वारा PGBCH-01 व 04 प्रश्नपत्र के मूल्यांकन में त्रुटि पाये जाने पर समस्त मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का भुगतान रोक दिये जाने के प्रकरण पर विचार।

21.04 प्रवेश पत्र में Not Allowed अंकित हेने के कारण शिक्षार्थियों की परीक्षा छूट जाने के प्रकरण पर विचार ।

21.05 परीक्षा केन्द्र निर्धारण की प्रक्रिया (मानकों) की समीक्षा।

21.06 परीक्षा सत्र जून–2015 के Flying/Observers की रिर्पोट पर विचार।

21.07 सत्रांत परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के एकत्रीकरण एवं मूल्यांकन प्रक्रिया पर विचार।

21.08 भुगतान देयकों के मानक पर विचार।

21.09 BEd कार्यक्रम के अधिन्यास उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक ही परीक्षक से कराने पर विचार।

21.10 प्रोजेक्ट का मूल्यांकन एक ही परीक्षक से कराने पर विचार।

21.11 परीक्षा दिसम्बर–2014 की Not Allowed उत्तर पुस्तिकायें मूल्यांकित कराने पर विचार।

परीक्षा नियंत्रक

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने से पूर्व मा0 कुलपति जी द्वारा अध्यक्षीय दायित्व का निर्वहन करते हुये परीक्षा समिति के सभी सदस्यों का स्वागत् किया गया तथा सभी से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गई इसके उपरान्त अध्यक्ष की अनुमति से परीक्षा नियंत्रक डॉ. आर. पी. एस. यादव ने कार्य सूची के अनुसार बिन्दुवार चर्चा को आगे बढ़ाया:

**परीक्षा समिति की 21वीं बैठक हेतु प्रस्तावित कार्य बिन्दु**

**कार्यसूची बिन्दु संख्या 21.01**

**परीक्षा समिति की 20वीं बैठक दिनांक 08/07/2015 के कार्यवृत की पुष्टि।**

दिनांक 08/07/2015 को परीक्षा समिति की सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त सभी सम्मानित सदस्यों को प्रेषित की जा चुकी है। कार्यवृत्त पुष्टि हेतु प्रस्तुत।

**परीक्षा समिति ने अपनी पिछली बैठक दिनांक 08/07/2015 के कार्यवृत्त की पुष्टि की।**

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

कार्यसूची बिन्दु संख्या 21.02

**परीक्षा समिति की 20वीं बैठक दिनांक 08/07/2015 में लिये गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही से अवगत होना।**

**परीक्षा नियंत्रक ने परीक्षा समिति को बिन्दुवार कार्यवाही से अवगत कराया।**

परीक्षा समिति अपनी 20वीं बैठक दिनांक 08/07/2015 में लिये गये निर्णयों के सम्बन्ध में कृत कार्यवाही से निम्न विवरण के अनुसार अवगत हुई:-

| क्रमांक संख्या | पिछली बैठक की कार्यसूची | पिछली बैठक के लिये गये निर्णय | पिछली बैठक के लिये गये निर्णयों पर की गई कार्यवाही |
|---|---|---|---|
| 20.01 | परीक्षा समिति की 16वीं नियमित, 17वीं, 18वीं व 19वीं आपातकालीन बैठक क्रमशः दिनांक 26/11/2013, 03/05/2014, 27/01/2015, 27/02/2015 के कार्यवृत्त की पुष्टि। | पुष्टि की गयी। | कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है। |
| 20.02 | परीक्षा समिति की 16वीं नियमित, 17वीं, 18वीं व 19वीं आपातकालीन बैठक क्रमशः दिनांक 26/11/13, 03/05/2014, 27/01/2015, 27/02/2015 में लिये गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही से अवगत होना। | अवगत होने से सम्बन्धित है। | सम्बन्धित कार्यवाही की जा चुकी है। |
| 20.03 | विगत सत्र के UFM एवं संवीक्षा के निर्णय से अवगत होना। | अवगत होने से सम्बन्धित है। | सम्बन्धित कार्यवाही की जा चुकी है। |
| 20.04 | केन्द्र निर्धारण की प्रक्रिया (इस वर्ष अपनाई गयी प्रक्रिया एवं आगामी वर्षों हेतु मानकों) की समीक्षा। | (i) परीक्षा केन्द्र बनाते समय दिशा निर्देश का हर सम्भव पालन किया जाय उसमें कोई विचलन (Deviation) होता है तो वैधानिक समिति (Statutary body) से अनुमोदन कराया जाय।<br>(ii) परीक्षा केन्द्र उन्ही केन्द्रों को बनाया जाय जिनकी छात्र संख्या दिसम्बर सत्र में 60 तथा जून में 150 या अधिक हो। वित्तीय हानि न हो इसका भी ध्यान रखा जाय।<br>(iii) परीक्षा समय सारणी (Time Table) बनाते समय ध्यान रखा जाय कि एक पाली में परीक्षार्थियों की संख्या अधिक न हो।<br>(iv) परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने की स्थिति में एक दो दिन के लिये अतिरिक्त परीक्षा केन्द्र बना दिया जाय। | कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है। |

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20.05 | परीक्षा सत्र जून–2015 के Flying squad / Observers की रिपोर्ट। | परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि रिपोर्ट पर परीक्षा केन्द्र से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाय तथा दोनों पक्षों के पत्र को आगामी परीक्षा समिति में विचारार्थ/निर्णयार्थ प्रस्तुत किया जाय। | निर्णयानुसार विश्वविद्यालय द्वारा सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों को पत्र प्रेषित किया जा चुका है। |
| 20.06 | पूर्व परीक्षाओं से सम्बन्धित प्राप्त छात्र शिकायतें एवं कृत कार्यवाही। | परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि परीक्षाओं से सम्बन्धित प्राप्त छात्र शिकायतों के आधार पर परीक्षा केन्द्र को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु पत्र प्रेषित किया जाय एवं स्पष्टीकरण प्राप्त होने के पश्चात् निर्णयार्थ आगामी परीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाय। | सम्बन्धित कार्यवाही की जा चुकी है। |
| 20.07 | विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र गोरखपुर के स्तर से अधिन्यासों के मूल्यांकन के पश्चात् प्राप्त पणों के परिप्रेक्ष्य में कतिपय शिकायतों के निस्तारण हेतु विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित समिति द्वारा संस्तुत अन्तरिम आख्या पर विचार। | परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि तत्कालीन क्षेत्रीय समन्वयक को Show cause notice दिया जाय एवं उनके जवाब को आगामी परीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाय। | तत्कालीन क्षेत्रीय समन्वयक वर्तमान में विश्वविद्यालय की सेवा में नहीं हैं। |
| 20.08 | परीक्षा व्यवस्था<br>(1) परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्तियों हेतु मानक पर पुनर्विचार।<br>(2) आन्तरिक/बाह्य उड़ाका दल सदस्यों के मानदेय की दर में संशोधन पर विचार।<br>(3) परीक्षा अवधि में विश्वविद्यालय मुख्यालय पर कार्यरत कर्मियों को अतिरिक्त कार्य हेतु मानदेय/वाहन भत्ता। | परीक्षा समिति ने प्रश्न किया कि समस्त बिन्दु 18वीं परीक्षा समिति में भी प्रस्तुत किये जा चुके हैं पुनः इसे इस परीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना तर्कसंगत प्रतीत नहीं होता है। परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 18वीं परीक्षा समिति के सापेक्ष समस्त बिन्दुओं पर कार्यवाही हेतु गठित समिति का Action taken report आगामी परीक्षा समिति में प्रस्तुत किया जाय। | गठित समिति का Action taken report प्राप्त न होने के कारण कार्यवाही अपेक्षित है।<br><br>**परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्तियों हेतु मानकों पर पुनर्विचार करने हेतु कुलसचिव द्वारा comprehensive समिति का गठन किया जाय।** |

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

| | | | |
|---|---|---|---|
| 0.09 | कतिपय परीक्षा केन्द्रों द्वारा उत्तर पुस्तिका प्रेषण हेतु दिये गये निर्देशों का अनुपालन न करना। | परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि "केन्द्र संख्या **एस–230** द्वारा उत्तर पुस्तिका प्रेषण में पूर्ण अवहेलना की गयी है किन्तु **एस–921** द्वारा अन्तिम दिन ही उत्तर पुस्तिकायें देर से भेजी गयी है" को संज्ञान में लेते हुये दोनों परीक्षा केन्द्रों को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु पत्र दिया जाय एवं उनके जवाब को आगामी परीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाय। | निर्णयानुसार विश्वविद्यालय के पत्रांक ओ.यू./परीक्षा (गो.)/4795/2015 व ओ.यू./परीक्षा (गो.)/4834/2015 क्रमशः दिनांक 02/07/2015 व 07/07/2015 द्वारा परीक्षा केन्द्र एस–230 व एस–921 को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु पत्र प्रेषित किया जा चुका है **(संलग्नक–01 व 02 पृष्ठ संख्या–05–06)**। जिसके सापेक्ष परीक्षा केन्द्र एस–230 द्वारा अपना जवाब पत्रांकः 009/2015 दिनांक 30/07/2015 द्वारा प्रेषित कर दिया गया है **(संलग्नक–03 पृष्ठ संख्या–07–08)**। परीक्षा केन्द्र **एस–921** का जवाब अद्यतन अप्राप्त है।<br><br>**परीक्षा समिति ने निर्णय लिया कि:–**<br>**"परीक्षा केन्द्र एस–230 व एस–921 को आगामी परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र न बनाया जाय।"** |
| 20.10 | परीक्षा सत्र जून–2015 के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की प्रगति। | अवगत होने से सम्बन्धित है। | सम्बन्धित कार्यवाही की जा चुकी है। |
| 20.11 | (i) तीन परीक्षा केन्द्रों S-011 वी.एस.एस.डी. कॉलेज कानपुर, S-114 कृष्ण सुदामा महाविद्यालय, गाजीपुर एवं S-065 डी.एस.एन. कॉलेज, उन्नाव द्वारा प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकायें परीक्षा अनुभाग को प्रेषित की गई/विश्वविद्यालय के कर्मचारी को प्राप्त कराई गयी परन्तु प्रेषित/प्राप्त करायी गई उत्तर पुस्तिकायें परीक्षा अनुभाग गोपनीय में उपलब्ध नहीं है।<br><br>सत्यापित<br>परीक्षा नियंत्रक | (a) जाँच कमेटी अगले पाँच कार्य दिवस के अन्दर अपनी जाँच रिर्पोट प्रस्तुत करे कि इसमें दोषी कौन है और उसके विरूद्ध क्या कार्यवाही की जाय।<br><br>(b) परीक्षार्थियों द्वारा उस परीक्षा सत्र में दिये गये अन्य प्रश्नपत्रों में प्राप्तांकों के आधार पर जिस प्रश्नपत्र की उत्तर पुस्तिका परीक्षा गोपनीय में उपलब्ध नहीं है उसमें एवरेज मार्किंग कर दी जाय। | (a) आख्या अद्यतन अप्राप्त है।<br><br>**परीक्षा समिति ने निर्णय लिया कि:–**<br>**जाँच कमेटी अगले 15 कार्य दिवस के अन्दर अपनी जाँच रिर्पोट प्रस्तुत करे।**<br><br>(b) सम्बन्धित कार्यवाही की जा चुकी है **(संलग्नक–04 पृष्ठ संख्या–09–11)**। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 0.11 | | (c) परीक्षा समिति की 15वीं बैठक के बिन्दु संख्या 15.02 व 15.08 (iv) पर परीक्षा समिति द्वारा उसी परीक्षा सत्र के अन्य प्रश्नपत्रों में प्राप्तांक के आधार पर औसत अंक प्रदान करने का निर्णय संस्तुत किया गया था।<br><br>(d) समस्त कार्यवाही एवं आख्या आगामी परीक्षा समिति में भी सूचनार्थ प्रस्तुत हो जाय। | (c) अवगत कराने से सम्बन्धित है।<br><br>(d) अवगत कराना से सम्बन्धित है। |
| | (ii) परीक्षा परीणाम CD में Write करा कर अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ Strong room में सुरक्षित रखा जाय। | | (ii) कार्यवाही अपेक्षित है। |

परीक्षा नियंत्रक

**कार्यसूची बिन्दु संख्या 21.03**

**श्री मनोज कुमार मिश्रा द्वारा BCA-18 एवं डॉ0 सुभाष चन्द्र यादव द्वारा PGBCH-01 व 04 प्रश्नपत्र के मूल्यांकन में त्रुटि पाये जाने पर समस्त मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का भुगतान रोक दिये जाने के प्रकरण पर विचार।**

श्री मनोज कुमार मिश्रा द्वारा BCA-18 एवं डॉ0 सुभाष चन्द्र यादव द्वारा PGBCH-01 व 04 प्रश्नपत्र के मूल्यांकन में त्रुटि पाये जाने पर समस्त मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का भुगतान रोक दिया गया। उक्त परिक्षकों को एक सत्र तक विश्वविद्यालय के मूल्यांकन कार्य से विरत रखते हुये त्रुटियुक्त उत्तर पुस्तिकाओं की कटौती के पश्चात् शेष मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का भुगतान कर दिया जाय। **(संलग्नक–05 पृष्ठ संख्या–13–14)**

**परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि श्री मनोज कुमार मिश्रा एवं डॉ0 सुभाष चन्द्र यादव के देयक का भुगतान न किया जाय एवं उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य से विरत रखा जाय।**

सम्पादित

परीक्षा नियंत्रक

कार्यसूची बिन्दु संख्या 21.04

**प्रवेश पत्र में Not Allowed अंकित हेने के कारण शिक्षार्थियों की परीक्षा छूट जाने के प्रकरण पर विचार।**

शिक्षार्थियों द्वारा अधिन्यास जमा करने के बाद भी वैबसाइट में आने वाले व्यावधान के कारण प्रवेश पत्र पर Not Allowed छप जाता है जिसके कारण शिक्षार्थियों को परीक्षा देने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है व परीक्षा देने के बाद भी परिणाम घोषित नहीं होता है। ऐसी स्थिति से निजात पाने हेतु जिस तरह MBA, BEd, MCA कार्यक्रम के Project व अधिन्यास अंक विश्वविद्यालय द्वारा अध्ययन केन्द्रों से सीधे मंगाया जाता है उसी तरह अध्ययन केन्द्रों द्वारा अन्य कार्यक्रमों की अधिन्यास उत्तर पुस्तिकायें स्वयं मूल्यांकित कर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित की गई तिथि तक अधिन्यास अंक सीधे On Line उपलब्ध कराने हेतु अध्ययन केन्द्रों को Panel दे दिया जाय।

**परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अधिन्यास उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन की व्यवस्था में कोई परिवर्तन कमेटी का गठन करके उसमें लिये गये निर्णय के आधार पर ही किया जाना सम्भव है। MBA, BEd, MCA कार्यक्रम के Project व अधिन्यास उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय पर कराया जाय।**

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

कार्यसूची बिन्दु संख्या 21.05

## परीक्षा केन्द्र निर्धारण की प्रक्रिया (मानकों) की समीक्षा।

परीक्षा समिति की 20वीं बैठक दिनांक 08/07/2015 में परीक्षा केन्द्र निर्धारण हेतु लिये गये निर्णय का विवरण निम्नवत है:–

(i) परीक्षा केन्द्र बनाते समय दिशा निर्देश का हर सम्भव पालन किया जाय उसमें कोई विचलन (Deviation) होता है तो वैधानिक समिति (Statutary body) से अनुमोदन कराया जाय।

(ii) नए परीक्षा केन्द्र उन्ही केन्द्रों को बनाया जाय जिनकी छात्र संख्या दिसम्बर सत्र में 60 तथा जून में 150 या अधिक हो। वित्तीय हानि न हो इसका भी ध्यान रखा जाय।

(iii) परीक्षा समय सारणी (Time Table) बनाते समय ध्यान रखा जाय कि एक पाली में परीक्षार्थियों की संख्या अधिक न हो।

(iv) परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने के स्थिति में एक दो दिन के लिये अतिरिक्त परीक्षा केन्द्र बना दिया जाय।

परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि:–

1. परीक्षा केन्द्र बनाते समय ध्यान रखा जाय कि हर जिले में कम से कम एक परीक्षा केन्द्र अवश्य हो।
2. छात्राओं की **Safety** व **Security** को ध्यान में रखते हुये छात्राओं के अध्ययन केन्द्र की संख्या यदि 50 हो तो भी स्वविवेकानुसार परीक्षा केन्द्र बनाया जाय।
3. विश्वविद्यालय (शांतिपुरम, फाफामऊ) में भी परीक्षा केन्द्र बनाया जाय।

परीक्षा नियंत्रक

कार्यसूची बिन्दु संख्या 21.06

**परीक्षा सत्र जून–2015 के Flying Squad/Observers की रिर्पोट पर विचार।**

परीक्षा सत्र जून–2015 के Flying squad/Observers की रिर्पोट परीक्षा केन्द्रों को आख्या प्रस्तुत करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया।

परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय के पत्रांक ओ.यू./5565/2015 दिनांक 03/09/2015 एवं ओ.यू./5978/2015 दिनांक 30/10/2015 द्वारा परीक्षा केन्द्रों को भेजे गये पत्र के सापेक्ष परीक्षा केन्द्रों द्वारा प्रेषित आख्या पर सम्यक विचारोपरान्त आगामी परीक्षा दिसम्बर–2015 में परीक्षा केन्द्र बनाने पर विचार किया जाय।

सत्रांत परीक्षा दिसम्बर–2015 से **Region change** करके उड़ाका दल के सदस्यों को भेजा जाय **(Varanasi to Gazipur , Gazipur to Varanasi etc.)**।

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

**<u>कार्यसूची बिन्दु संख्या 21.07</u>**

**<u>सत्रांत परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के एकत्रीकरण एवं मूल्यांकन प्रक्रिया पर विचार।</u>**

सत्रांत परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का विश्वविद्यालय के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों से एकत्रीकरण कराने एवं मूल्यांकन कराने हेतु नोडल केन्द्र बनाने की प्रक्रिया पर विचार।

**परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि क्षेत्रीय केन्द्रों के अन्तर्गत आने वाले परीक्षा केन्द्रों के सत्रांत परीक्षा की उत्तर पुस्तिकायें क्षेत्रीय केन्द्र पर ही एकत्रित कराने के पश्चात् क्षेत्रीय समन्वयक को नोडल आफिसर बना कर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराया जाय।**

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

कार्यसूची बिन्दु संख्या 21.08

भुगतान देयकों के मानक पर विचार।

विश्वविद्यालय के पूर्व निर्धारित भुगतान देयकों के निम्नलिखित मानकों पर पुनरीक्षण हेतु विचार।

**राज्य विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों के शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को परीक्षा संबंधी कार्यों की पारिश्रमिक दरों का पुनरीक्षण**

शासनादेश संख्या-306/सत्तर-1-2011-15(32)/81 दिनांक 29 मार्च, 2011 का संलग्नक :-

| क्रमांक | मद | वर्तमान दर (रुपये में) | पुनरीक्षित दर (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | **परीक्षा केन्द्रों का पारिश्रमिक** | | |
| | (1) कक्षा निरीक्षक | 60.00 | 90.00 |
| | (2) सहायक केन्द्राध्यक्ष | 65.00 | 100.00 |
| | (3) केन्द्राध्यक्ष | 70.00 | 105.00 |
| 02 | **केन्द्र व्यय ( सेन्टर-चार्जेज )** | | |
| | (1) तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (प्रति परीक्षार्थी) | 5.00 | 8.00 |
| 03 | **प्रायोगिक परीक्षा** | | |
| | (1) प्रयोगशाला सहायक (प्रतिदिन) | 15.00 | 23.00 |
| | (2) प्रयोगशाला परिचर | 10.00 | 15.00 |
| 04 | **उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन** | | |
| | (1) स्नातक (प्रति पुस्तिका) | 10.00 | 15.00 |
| | (2) परास्नातक (प्रति पुस्तिका) | 12.00 | 18.00 |
| 05 | **प्रश्न पत्र बनाना** | | |
| | (1) स्नातक | 400.00 | 600.00 |
| | (2) परास्नातक | 600.00 | 900.00 |
| 06 | **उड़नदस्ते के सदस्यों का पारिश्रमिक** | | |
| | (1) प्रति सदस्य (प्रतिदिन आंतरिक) | 60.00 | 90.00 |
| | (2) प्रति सदस्य (प्रतिदिन बाहर जाने पर) | 60.00 तथा विश्वविद्यालय के नियमानुसार प्रासंगिक व्यय | 90.00 तथा विश्वविद्यालय के नियमानुसार प्रासंगिक व्यय |
| 07 | **पी०एच०डी०/डी०लिट० की थिसिस पढ़ने व मौखिक परीक्षण** | | |
| | (1) पी०एच०डी० (थिसिस पढ़ना) | 500.00 | 750.00 |
| | (2) पी०एच०डी० (मौखिक परीक्षण) | 400.00 | 600.00 |
| | (3) डी०लिट० (थिसिस पढ़ना) | 700.00 | 1050.00 |
| | (4) डी०लिट० (थिसिस मौखिक परीक्षण) | 500.00 | 750.00 |
| 08 | **प्रायोगिक परीक्षा** | | |
| | (1) स्नातक/बी०एड० (प्रति छात्र) | 8.00 | 12.00 |
| | (न्यूनतम) | 300.00 | 450.00 |
| | (2) स्नातकोत्तर (प्रतिछात्र) | 12.00 | 18.00 |
| | (न्यूनतम) | 400.00 | 600.00 |
| 09 | लघु शोध मूल्यांकन (प्रत्येक) | 40.00 | 60.00 |

(अवनीश कुमार अवस्थी)
सचिव

Generator charge
1 — 50 — 100 प्रति परीक्षा दिवस
51 - 200 — 200 "
201 — 500 — 500 "
501 - 750 — 750 "
751 and above — 1000 " "

परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि कमेटी का गठन कर मानकों पर पुनरीक्षण हेतु विचार किया जाय।

सभापति
परीक्षा नियंत्रक

कार्यसूची बिन्दु संख्या 21.09

BEd कार्यक्रम के अधिन्यास उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक ही परीक्षक से कराने पर विचार।

BEd कार्यक्रम के एक प्रश्न पत्र का अधिन्यास प्रश्न पत्र दो भागों में बनवाया तथा दो परीक्षकों से मूल्यांकित कराया जाता है जिसके लिये अधिन्यास प्रश्नपत्र निर्माण व मूल्यांकन हेतु अतिरिक्त पारिश्रमिक भी दिया जाता है और Computer feeding (प्रविष्टि) भी दो बार करानी पड़ती है। जिससे अधिक व्यय के साथ असुविधा भी होती है। अतः यदि कोई तकनीकी प्रतिबन्ध न हो तो BEd कार्यक्रम के एक प्रश्न पत्र के लिये एक ही अधिन्यास प्रश्न पत्र बनवाना व मूल्यांकित कराना उचित प्रतीत होता है।

परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अधिन्यास मूल्यांकन की प्रक्रिया पूर्व के समान ही रहेगी।

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

कार्यसूची बिन्दु संख्या 21.10

प्रोजेक्ट का मूल्यांकन एक ही परीक्षक से कराने पर विचार।

प्रोजेक्ट का वाह्य मूल्यांकन दो परीक्षकों से कराकर अंक दो पर्ण में प्राप्त होते हैं जिनका औसत अंक शिक्षार्थीयों को अनुदानित किया जाता है। मूल्यांकन हेतु पारिश्रमिक भी दोगुना किया जाता है। कतिपय कारणो से कभी–कभी एक परीक्षक द्वारा परीक्षार्थी को उत्तीर्ण व दूसरे परीक्षक द्वारा अनुत्तीर्ण कर दिया जाता है ऐसी स्थिति से बचने हेतु प्रोजेक्ट का एक ही परीक्षक से मूल्यांकन कराना उचित प्रतीत होता है।

परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रोजेक्ट मूल्यांकन की प्रक्रिया पूर्व के समान ही रहेगी।

परीक्षा नियंत्रक

कार्यसूची बिन्दु संख्या 21.11

परीक्षा दिसम्बर–2014 की Not Allowed उत्तर पुस्तिकायें मूल्यांकित कराने पर विचार।

परीक्षा दिसम्बर–2014 के कई परिक्षार्थियों द्वारा अधिन्यास समय से अध्ययन केन्द्र पर जमा करने एवं अध्ययन केन्द्र द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय पर प्रेषित करने के पश्चात् भी Technical problem व अन्य कारणो से अधिन्यास डेटा में नाम न होने के कारण प्रवेश पत्र में Not Allowed अंकित था तथा परिक्षार्थियों के परीक्षा देने के पश्चात् भी परिक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिकायें मूल्यांकित नहीं कराई गयी । छात्र हित में ऐसे परिक्षार्थियों की अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराने पर विचार।

**परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराया जाय।**

कार्यसूची बिन्दु संख्या 21.12

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय के अन्तर्गत निम्न बिन्दु पर चर्चा हुयी।

**PhD प्रवेश परीक्षा जिस विषय में Supervisor उपलब्ध हैं उन्हीं की करायी जाय एवं विश्वविद्यालय (शांतिपुरम, फाफामऊ) में ही करायी जाय।**

**परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से सहमति जतायी।**

अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पारित करने के उपरान्त बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

डॉ0(आर0 पी0 एस0 यादव)
परीक्षा नियंत्रक

सत्यापित
परीक्षा नियंत्रक

# उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय परिसर, शान्तिपुरम्, (सेक्टर–एफ), फाफामऊ

इलाहाबाद–211021

सरस्वती नः सुभगा मयस्करत्।।

## उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की 22 वीं आपातकालीन बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक संख्या | : | 22 वीं |
| दिनांक | : | 07 सितम्बर, 2016 |
| समय | : | पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| स्थान | : | कमेटी कक्ष |

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

# उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

दिनांक 07 सितम्बर, 2016 को पूर्वाह्न 11:00 बजे विश्वविद्यालय के कमेटी कक्ष में सम्पन्न परीक्षा समिति की 22 वीं आपातकालीन बैठक का कार्यवृत्त

उपस्थिति :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 एम.पी. दुबे, कुलपति, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ0 ओमजी गुप्ता, निदेशक, प्रबन्धन विद्या शाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद | सदस्य |
| 3. | डॉ0 पी.पी. दुबे, निदेशक, कृषि विज्ञान विद्या शाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद | सदस्य |
| 4. | डॉ0 आर.पी.एस. यादव, निदेशक, मानविकी विद्या शाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद | सदस्य |
| 5. | डॉ0 आशुतोष गुप्ता, निदेशक, विज्ञान विद्या शाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद | सदस्य |
| 6. | डॉ0 श्रुति, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, विज्ञान विद्या शाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद | सदस्य |
| 7. | डॉ0 मृदुल श्रीवास्तव, परीक्षा नियंत्रक, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद | सचिव |

अनुपस्थिति :–

~~विशेष आमंत्रित सदस्य~~

| | | |
|---|---|---|
| 8. | श्री डी.पी. त्रिपाठी, कुलसचिव, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद | आमंत्रित सदस्य |

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

# परीक्षा समिति की 22 वीं आपताकालीन बैठक हेतु प्रस्तावित कार्य बिन्दु

22.01 सत्रांत परीक्षा दिसम्बर 2014 के सापेक्ष अमूल्यांकित अधिन्यास/उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कराने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार।

22.02 उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के अंकपत्र को निर्गत किए जाने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार।

22.03 एकल विषय के उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को उनकी उपाधि निर्गत किए जाने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार।

22.04 परीक्षा केन्द्रों पर पालीवार परीक्षार्थियों की संख्या के आधार पर आन्तरिक उड़ाका दल एवं जनरेटर की व्यवस्था किए जाने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार।

22.05 अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं के सापेक्ष Award List पर अंक प्राप्त हो जाने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार।

22.06 विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र (एस–478) के कतिपय शिक्षार्थियों को अलग–अलग वर्षों हेतु एक ही कार्यक्रम के लिये भिन्न–भिन्न नामांकन संख्या आवांटित कर दिया गया है सम्बन्धी प्रकरण पर विचार।

22.07 छात्रा सुश्री अर्चना भारती के UGST-05 की उत्तर पुस्तिका पर औसत अंक के निर्धारण सम्बन्धी प्रकरण पर विचार।

22.08 मूल्यांकन कार्य हेतु नोडल मूल्यांकन प्रभारी बनाये जाने सम्बन्धी प्रथा को समाप्त किए जाने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार।

22.09 विश्वविद्यालय द्वारा बनाये गये परीक्षा केन्द्रों से परीक्षा पूर्व शपथ–पत्र लेने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार।

22.10 पूर्व परीक्षा एवं परीक्षा के दौरान कार्यालय अवधि के अतिरिक्त कार्य करने वाले परीक्षा अनुभाग के कर्मचारियों के पारिश्रमिक निर्धारण सम्बन्धी प्रकरण पर विचार।

22.11 परीक्षा गोपनीय कार्य हेतु यात्रा पर जाने वाले शिक्षकों, परामर्शदाताओं एवं कर्मचारियों के ठहरने की व्यवस्था हेतु भुगतान से सम्बन्धित प्रकरण पर विचार।

सत्यापित
परीक्षा नियंत्रक

परीक्षा नियंत्रक

बैठक की कार्यवाही करने से पूर्व मा0 कुलपति जी द्वारा अध्यक्षीय दायित्व का निर्वहन करते हुए परीक्षा समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया तथा सभी से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गई। इसके उपरान्त अध्यक्ष की अनुमति से परीक्षा नियंत्रक डॉ0 मृदुल श्रीवास्तव ने कार्यसूची के अनुसार बिन्दुवार चर्चा को आगे बढ़ाया :

**कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.01**

**सत्रांत परीक्षा दिसम्बर 2014 के सापेक्ष अमूल्यांकित अधिन्यास/उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कराने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार**

सत्रांत परीक्षा दिसम्बर 2014 के सापेक्ष ऐसे परीक्षार्थी लगभग 1500 जो अपने कार्यक्रम से सम्बन्धित अधिन्यास कार्य समय के अन्दर अपने अध्ययन केन्द्र पर जमा कर दिये हैं एवं सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र द्वारा अधिन्यास की कापियों को मूल्यांकन कराये जाने हेतु अपने सम्बन्धित क्षेत्रीय केन्द्र पर निर्धारित अन्तिम तिथि के अन्दर प्रेषित कर दिया गया है, सूच्य है कि पूर्व में मेरठ क्षेत्रीय केन्द्र का गठन नहीं होने के कारण एवं दो बार अधिन्यास की तिथि बढ़ाये जाने के कारण क्षेत्रीय केन्द्र के सम्बन्धित अध्ययन केन्द्रों द्वारा अधिन्यास जमा करने हेतु असमंजस की स्थिति रही फिर भी मेरठ क्षेत्रीय केन्द्र पर आयोजित की गई कार्यशाला में आये प्राचार्य/समन्वयकों द्वारा यह बताया गया कि अधिन्यास अन्तिम तिथि के अन्दर क्षेत्रीय केन्द्र पर जमा कर दिये गये थे। इससे सम्बन्धित छात्र–छात्राओं के प्रार्थना पत्रों को भी दिया गया है। जिसके सापेक्ष विश्वविद्यालय द्वारा क्षेत्रीय केन्द्र को एक पत्र प्रेषित है (संलग्नक–01, पृष्ठ संख्या–12–24 )।

यदि क्षेत्रीय केन्द्र द्वारा यह पुष्टि की जाती है कि अधिन्यास समय से प्राप्त हो गये हैं, तो उन प्रकरणों पर छात्रहित में विचार करते हुए ऐसे परीक्षार्थियों की सत्रांत दिसम्बर 2014 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कराये जाने एवं परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

---

**परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सत्र दिसम्बर 2014 के मेरठ क्षेत्रीय केन्द्र के अतिरिक्त ऐसे समस्त परीक्षार्थियों के जो निर्धारित अन्तिम तिथि के अन्दर अपने कार्यक्रम की अधिन्यास उत्तर पुस्तिकाओं को जमा किर दिये थे, की जानकारी सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र/क्षेत्रीय केन्द्र से प्राप्त करने एवं उनके मूल्यांकन हो जाने के की पुष्टि के उपरान्त ही उनकी सत्रांत उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराया जाय। यदि किसी परीक्षार्थी की अधिन्यास उत्तर पुस्तिका निर्धारित अन्तिम तिथि के अन्दर जमा होने के उपरान्त भी अधिन्यास उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन न हुआ या किसी परीक्षार्थी के द्वारा जमा की गई अधिन्यास उत्तर पुस्तिका के न मिल पाने की स्थिति में साक्ष्य के साथ परीक्षार्थी से पुनः अधिन्यास कार्य पूर्ण कराकर उन्हें सत्रांत उत्तर पुस्तिकाओं के साथ मूल्यांकन कराते हुए परीक्षा परिणाम घोषित किया जाय।**

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.02

उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को प्रथम एंव द्वितीय वर्ष के अंकपत्र को निर्गत किए जाने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार

समस्त परीक्षार्थियों के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के अंकपत्र विश्वविद्यालय की वेब साइट पर उपलब्ध रहते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत अन्तिम वर्ष के अंकपत्र में उत्तीर्ण परिक्षार्थियों के समस्त विवरण यथा प्रश्न–पत्रों के अंक, अधिन्यास अंक, क्रेडिट, एंव उत्तीर्ण/अनुउत्तीर्ण की स्थिति उपलब्ध रहता है। प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के अंकपत्र निर्माण में व्यर्थ की समय हानि, जन शक्ति इत्यादि का हनन होता है। यदि किसी विभाग/संस्था द्वारा रोजगार के परिप्रेक्ष्य में लिखित रुप से अनुरोध किया जाता है तो सम्बन्धित परीक्षार्थी के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के अंकपत्र को निर्गत किया जा सकता है।

शिक्षार्थियों को उनके मात्र अन्तिम वर्ष के पूर्ण अंक–पत्र की हार्ड कापी में दिए जाने सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

**परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि परास्नातक कार्यक्रम के शिक्षार्थियों को उनके द्वितीय वर्ष एवं स्नातक कार्यक्रम के शिक्षार्थियों को उनके तृतीय वर्ष के पूर्ण अंक–पत्र की हार्ड कापी उपलब्ध करायी जाय। यह भी निर्णय लिया गया कि यदि किसी विभाग/संस्था द्वारा रोजगार के परिप्रेक्ष्य में लिखित रुप से अनुरोध किया जाता है तो सम्बन्धित परीक्षार्थी के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के अंकपत्र की हार्ड कापी को निर्गत किया जा सकता है।**

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.03

**एकल विषय के उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को उनकी उपाधि निर्गत किए जाने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार**

श्री राज्यपाल सचिवालय से एकल विषय कार्यक्रम के संचालन को अग्रिम निर्णय तक बन्द किये जाने सम्बन्धी पत्र प्राप्त होने के उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम के संचालन को बन्द कर दिया गया है, पत्र की छायाप्रति संलग्न (संलग्नक–02, पृष्ठ संख्या–25–26)।

वर्तमान में सत्र 2013–14 तक लगभग 35000 शिक्षार्थी एकल विषय कार्यक्रम में उतीर्ण हो चुके हैं। उन्हें उपाधि प्रदान करना विश्वविद्यालय का दायित्व है। तमाम परीक्षार्थियों के द्वारा अपने उपाधि हेतु प्रार्थना पत्र के माध्यम से एवं जन सूचना अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत उपाधि प्राप्त करने हेतु समय–समय पर पत्र प्राप्त होता रहता है। पूर्व में लगभग 928 शिक्षार्थियों अनुमोदित प्रारुप पर प्रमाण–पत्र निर्गत किए जा चुके हैं। अनुमोदित प्रारुप (संलग्नक–03,पृष्ठ संख्या–27–28) पर उपलब्ध है।

वर्तमान में सत्र 2013–14 तक लगभग 35000 शिक्षार्थी जो एकल विषय में उत्तीर्ण हो चुके हैं उन्हें अनुमोदित प्रारुप पर उनकी उपाधि को निर्गत किये जाने से सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

**परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि एकल विषय के ऐसे लगभग 35000 समस्त उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को दिये जाने वाले प्रमाण–पत्र के प्रारुप में उपाधि के स्थान पर प्रमाण–पत्र व Degree के स्थान पर Certificate को संशोधित करते हुए एवं सम्बन्धित परीक्षार्थियों से उनके स्नातक कार्यक्रम को पूर्ण करने के साक्ष्य प्राप्ति के उपरान्त ही निर्गत करने की सहमति दी।**

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.04

परीक्षा केन्द्रों पर पालीवार परीक्षार्थियों की संख्या के आधार पर आन्तरिक उड़ाका दल एंव जनरेटर की व्यवस्था किए जाने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार

विश्वविद्यालय द्वारा सम्पादित की जाने वाली परीक्षाओं में परीक्षा केन्द्रों पर आन्तरिक उड़ाका दल एंव जनरेटर उपयोग से सम्बन्धित देयकों में भुगतान सम्बन्धी प्रकरण सामने आते रहते हैं। सूच्य है कि विभिन्न परीक्षाओं में पालीवार परीक्षार्थियों की संख्या कम होने पर भी आन्तरिक उड़ाका दल के भुगतान हेतु प्रकरण सामने आते रहते हैं। जबकि संख्या कम होने की स्थिति में आन्तरिक उड़ाका दल की आवयश्कता प्रतीत नहीं होती है। इसी प्रकार जनरेटर का उपयोग सम्पूर्ण परीक्षा के दौरान दिखाया जाता है जबकि वस्तुस्थिति में जनरेटर का उपयोग यदाकदा ही किया जाता है।

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में परीक्षा केन्द्रों पर पालीवार कम से कम 100 परीक्षार्थियों के होने पर ही आन्तरिक उड़ाका दल को भेजे जाने सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत एवं परीक्षा केन्द्रों पर जनरेटर की व्यवस्था में प्रस्तुत बिल के साथ लाग–सीट एवं डीजल रशीद दिये जाने पर ही भुगतान किए जाने से सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

**परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी परीक्षाओं हेतु आन्तरिक उड़ाका दल के स्थान पर Inter Centre प्रक्रिया के तहत इस कार्य को कराया जाय एवं उनसे सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक/प्राचार्य द्वारा प्रमाण–पत्र प्राप्त करते हुए प्रस्तुत किया जाय। ऐसे प्रमाण–पत्र विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षकों के द्वारा भी प्रस्तुत किये जायें। परीक्षा समिति ने जनरेटर की व्यवस्था से सम्बन्धित प्रकरण पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि बिल के साथ पर्याप्त प्रमाण यथा जनरेटर होने का प्रमाण एवं लागसीट प्रस्तुत किये जायें।**

सत्यापित
परीक्षा नियंत्रक

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.05

अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं के सापेक्ष Award List पर अंक प्राप्त हो जाने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार

कानपुर क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत बनाये गये मूल्यांकन केन्द्र के नोडल अधिकारी द्वारा दिसम्बर–2015 परीक्षा के सापेक्ष छात्रा आरजू कटियार की उत्तर पुस्तिकाओं को मूल्यांकन कराये बिना उनके सत्रांत परीक्षा के Award List पर अंक प्रेषित किया गया है। इस सम्बन्ध में छात्रा आरजू कटियार नामांकन संख्या 310101010003 के प्रकरण में यह दृष्टिगत हुआ है कि छात्रा ने सभी परीक्षाएं दी हैं जिससे सम्बन्धित P7 प्रमाण के रुप में उपलब्ध है। इस सम्बन्ध में नोडल मूल्यांकन प्रभारी को सम्बन्धित प्रकरण पर अपनी आख्या देने के साथ कि उक्त परीक्षकों से भविष्य में मूल्यांकन न कराया जाय सम्बन्धी चेतावनी पत्र निर्गत किया गया। (नोडल मूल्यांकन प्रभारी को प्रेषित पत्र, Award List एवं उत्तर पुस्तिकाओं के कवर पेजों तथा केन्द्र समन्वयक का पत्र, छात्रा का उपस्थिति प्रपत्र की छाया–प्रतियां संलग्नक–04, पृष्ठ संख्या–29–39 )।

छात्रा के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करा दिया गया है। उक्त छात्रा आरजू कटियार के परीक्षा परिणाम को घोषित किए जाने हेतु प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

**परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि छात्रा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराते हुए परीक्षाफल घोषित किया जाय एवं सम्बन्धित परीक्षकों के भुगतान को रोक दिया जाय यदि भुगतान हो गया हो तो विश्वविद्यालय नियमानुसार उसे वापस प्राप्त करने की प्रक्रिया अपनाई जाय। ऐसे परीक्षको को आगामी परीक्षाओं हेतु रोक लगाते हुए भविष्य में इनसें किसी भी प्रकार के मूल्यांकन का कार्य न कराया जाय।**

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.06

विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र (एस–478) के कतिपय शिक्षार्थियों को अलग–अलग वर्षों हेतु एक ही कार्यक्रम के लिये भिन्न–भिन्न नामांकन संख्या आवांटित कर दिया गया है, से सम्बन्धित प्रकरण पर विचार

विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर–खीरी (एस–478) के कतिपय शिक्षार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा एक ही कार्यक्रम के अन्तर्गत अलग–अलग वर्षों हेतु भिन्न–भिन्न नामांकन संख्या आवांटित कर दिये जाने के कारण उनके परीक्षा परिणाम को घोषित किये जाने में कठिनाई हो रही है (संलग्नक–05, पृष्ठ संख्या–40) । इस सम्बन्ध में प्रवेश अनुभाग द्वारा प्राप्त आख्या के उपरान्त भी समस्या आ रही है।

ऐसे समस्त शिक्षार्थियों को उनके कार्यक्रम हेतु प्रवेश अनुभाग द्वारा ऐसे नामांकन संख्या को आवांटित कर दिया जाय जो किसी भी अन्य शिक्षार्थी को आवांटित न हो एवं छात्रहित को ध्यान में रखते हुए नामांकन प्राप्ति के उपरान्त उनके परीक्षा परिणाम को घोषित किए जाने से सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

**परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि ऐसे शिक्षार्थियों के नामांकन हेतु प्रवेश प्रभारी एवं परीक्षा नियंत्रक के साथ बैठक कर समस्या का हल निकालते हुए शिक्षार्थियों के परीक्षाफल को घोषित कर दें।**

सत्यापित
परीक्षा नियंत्रक

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.07

छात्रा सुश्री अर्चना भारती के UGST-05 की उत्तर पुस्तिका पर औसत अंक के निर्धारण से सम्बन्धित प्रकरण पर विचार

सुश्री अर्चना भारती द्वारा दायर याचिका संख्या 31641/2016 के छात्रा अर्चना भारती की UGST-05 की उत्तर पुस्तिका न हीं विश्वविद्यालय/क्षेत्रीय केन्द्र एवं अध्ययन केन्द्र पर उपलब्ध है। इस सम्बन्ध में किये गये पत्राचार से सम्बन्धित समस्त पत्राजात (संलग्नक–06, पृष्ठ संख्या–41–58) पर उपलब्ध है। सुश्री अर्चना भारती द्वारा दायर याचिका के सापेक्ष मा0 उच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया है कि छात्रा की UGST-05 की उत्तर पुस्तिका पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्णय लेते हुए परीक्षाफल घोषित किया जायं। मा0 उच्च न्यायालय ने आदेश के अनुपालन हेतु चार सप्ताह का समय दिया है (आदेश की छायाप्रति संलग्नक–07, पृष्ठ संख्या–59) पर उपलब्ध है।

मा0 उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में छात्रा को उनके अन्य प्रश्न–पत्रों में प्राप्त अंक के आधार पर UGST-05 प्रश्न–पत्र हेतु औसत अंक देते हुए परीक्षा परिणाम को घोषित किए जाने से सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

**परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि छात्रा अर्चना भारती के अन्य प्रश्न–पत्रों से प्राप्त अंक के आधार पर UGST-05 प्रश्न–पत्र में औसत अंक प्रदान करने के पूर्व छात्रा के हस्ताक्षर का मिलान अन्य प्रश्न–पत्रों की उपस्थिति प्रपत्र (P-7) से भी कराते हुए छात्रा का परीक्षाफल घोषित किया जाय।**

सत्यापित
परीक्षा नियंत्रक

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.08

**मूल्यांकन कार्य हेतु नोडल मूल्यांकन प्रभारी बनाये जाने सम्बन्धी प्रथा को समाप्त किए जाने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार**

मूल्यांकन कार्य हेतु पूर्व में नोडल मूल्यांकन प्रभारी बनाये जाने की प्रथा रही है। जिसके परिप्रेक्ष्य में उनको निर्धारित मानक के अनुसार भुगतान भी किया जाता है। चूंकि क्षेत्रीय निदेशकों द्वारा अपने सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों से उत्तर पुस्तिकाओं को मंगाने एवं उनके मूल्यांकन हेतु अनुमोदित परीक्षकों से मूल्यांकन कराये जाने से सम्बन्धित कार्य सम्पन्न कराया जा रहा है। नोडल मूल्यांकन प्रभारी द्वारा मूल्यांकन कराये जाने में अधिक समय लगता है एवं क्षेत्रीय निदेशक और मूल्यांकन प्रभारी को उत्तर पुस्तिकाओं के लेने देने एवं अन्य समस्याओं के कारण परीक्षा परिणाम घोषित करने में विलम्ब होता है।

अतः नोडल मूल्यांकन प्रभारी बनाये जाने की व्यवस्था को समाप्त करते हुए उपरोक्त कार्य क्षेत्रीय निदेशकों के देखरेख में कराये जाने एवं क्षेत्रीय निदेशकों को निर्धारित मानक के अनुसार भुगतान सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

**परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि ऐसे प्रकरणों में तत्समय जैसी आवश्यकता हो परीक्षा नियंत्रक अपने विवेकानुसार निर्णय लेते हुए कार्य को सम्पादित करायें।**

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

**कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.09**

**विश्वविद्यालय द्वारा बनाये गये परीक्षा केन्द्रों से परीक्षा पूर्व शपथ–पत्र लेने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार**

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं हेतु बनाये गये परीक्षा केन्द्रों से परीक्षा के आरम्भ होने से पूर्व परीक्षा की सुचिता, नकल विहिन परीक्षा, परीक्षार्थियों की सुविधा इत्यादि से सम्बन्धित एक शपथ पत्र (संलग्नक–08, पृष्ठ संख्या–60) रु. 10/– के नान जुडिस्यिल स्टाम्प पेपर पर लेने सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

**परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि ऐसे परीक्षा केन्द्रों में जो स्ववित्तपोषित महाविद्यालय हों उन्हीं से शपथ–पत्र लिया जाय।**

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.10

**पूर्व परीक्षा एवं परीक्षा के दौरान कार्यालय अवधि के अतिरिक्त कार्य करने वाले परीक्षा अनुभाग के कर्मचारियों के पारिश्रमिक निर्धारण सम्बन्धी प्रकरण पर विचार**

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जानी वाली परीक्षाओं में पूर्व परीक्षा एवं परीक्षा के दौरान कार्यालय अवधि के अतिरिक्त कई कर्मचारियों को देर तक रुककर काम करना पड़ता है। कार्य करने वाले परीक्षा अनुभाग के कर्मचारियों को उनके पद के अनुरुप पारिश्रमिक दिये जाने की आवयश्कता प्रतीत होती है

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जानी वाली परीक्षाओं हेतु पूर्व परीक्षा एवं परीक्षा के दौरान कार्यालय अवधि के अतिरिक्त कार्य करने वाले परीक्षा अनुभाग के कर्मचारियों को निम्नानुसार मानदेय प्रस्तावित किया जाता है :–

1. तृतीय श्रेणी रु. 20/– प्रति अतिरिक्त घंटा
2. कुशल श्रमिक रु. 15/– प्रति अतिरिक्त घंटा
3. अकुशल श्रमिक रु. 10/– प्रति अतिरिक्त घंटा

परन्तु एक माह में अधिकतम रु. 2000/– तृतीय श्रेणी, रु. 1500/– कुशल श्रमिक एवं रु. 1000/– अकुशल श्रमिक को विभागाध्यक्ष की संस्तुति के उपरान्त भुगतान किए जाने से सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

**परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि ऐसे किसी भी प्रकार के भुगतान के स्थान पर पूर्व की भाँति व्यवस्था ही अपनाई जाय।**

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.11

**परीक्षा गोपनीय कार्य हेतु यात्रा पर जाने वाले शिक्षकों, परामर्शदाताओं एवं कर्मचारियों के ठहरने की व्यवस्था हेतु भुगतान से सम्बन्धित प्रकरण पर विचार**

विश्वविद्यालय की परीक्षा में गोपनीय कार्य हेतु यात्रा पर जाने वाले शिक्षकों, परामशदाताओं एवं कर्मचारियों को कई स्थानों पर ठहरने हेतु उनकी अपनी व्यवस्था न होने के कारण अन्य व्यवस्था करनी पड़ती है। जिसमें उनका अपना व्यय होता है। जिसका भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किया जाता है। अतः नियमानुसार भुगतान किए जाने को प्रस्ताव परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

1. A श्रेणी के शहर हेतु रु. 700/–
2. B श्रेणी के शहर हेतु रु. 600/–
3. C श्रेणी के शहर हेतु रु. 500/–

परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय नियमानुसार जो यात्रा व्यय दिया जाता है उसी के अन्तर्गत भुगतान किया जाय। यात्रा की व्यवस्था में जहाँ तक सम्भव हो यात्रा हेतु प्रातः प्रस्थान कराया जाय एवं ऐसे किसी भी प्रकार के भुगतान के स्थान पर पूर्व की भाँति व्यवस्था ही अपनाई जाय।

अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पारित करने के उपरान्त बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

# उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय मुख्य परिसर, शान्तिपुरम् (सेक्टर–एफ)

फाफामऊ इलाहाबाद–211021

## उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के परीक्षा समिति की बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक संख्या | : | 23 वीं |
| दिनांक | : | 11 अक्टूबर 2017 |
| समय | : | अपराह्न 03.30 बजे |
| स्थान | : | कमेटी कक्ष |

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

## कार्यसूची बिन्दु संख्या 23.04

**एकल विषय में उत्तीर्ण शिक्षार्थियों को उपाधि/प्रमाणपत्र प्रदान करने के सम्बन्ध में विचार।**

एकल विषय उत्तीर्ण छात्रों के सम्बन्ध में अभी तक के निर्णय के अनुसार यह सुनिश्चित किया गया है कि शिक्षार्थी से ग्रेजुएशन की अंकतालिका प्राप्त करते हुए उन्हें एकल विषय का प्रमाण–पत्र निर्गत कर दिया जाय। इस कार्यक्रम में प्रवेश लेने की अर्हता स्नातक उत्तीर्ण है। पूर्व निर्णय के अनुसार छात्र ने जिस विश्वविद्यालय या महाविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण किया है उसका प्रमाण–पत्र प्राप्त होने के पश्चात ही एकल विषय में प्रमाण–पत्र निर्गत किए जाने की संस्तुति की गई थी। परन्तु लगभग ऐसे 35,000 शिक्षार्थियों से साक्ष्य प्राप्त करने में अत्यधिक कठिनाई हो रही है तथा ये अव्यवहारिक भी है जिसके कारण इसका निष्पादन सम्भव नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में उचित होगा की सभी एकल विषय उत्तीर्ण शिक्षार्थियों को प्रमाण–पत्र निर्गत कर दिया जाय। यदि किसी छात्र द्वारा बिना स्नातक किए इस कार्यक्रम में प्रवेश लिया गया होगा तो इस प्रकार के प्रकरण संज्ञान में आने पर उसकी अंकतालिका एवं प्रमाण–पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। प्रकरण समिति के विचारार्थ प्रस्तुत है।

**परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि शिक्षार्थी स्नातक अंक–तालिका व पहचान पत्र की छायाप्रति के साथ स्वयं उपस्थित होता है तो उसे एकल विषय का प्रमाण–पत्र दे दिया जाए।**

## कार्यसूची बिन्दु संख्या 23.05

**वेरीफिकेशन एवं ट्रान्सक्रिप्ट से सम्बन्धित प्रकरणों पर शुल्क निर्धारण के सम्बन्ध में विचार।**

प्रायः विभिन्न संस्थाओं के द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षार्थियों के अंक–पत्र/प्रमाण–पत्र के सत्यापन तथा ट्रान्सक्रिप्ट बनाने हेतु प्रार्थना–पत्र प्राप्त होते रहते हैं। जिसको सम्पन्न करने में विश्वविद्यालय का धन व समय दोनों व्यय होता है। ऐसे में उचित होगा कि अब तक निःशुल्क रूप में सम्पन्न किए जा रहे इन कार्यों हेतु शुल्क निर्धारित कर दिया जाए। प्रकरण समिति के विचारार्थ प्रस्तुत है।

प्रस्तावित शुल्क

| | |
|---|---|
| वेरीफिकेशन हेतु– | 300/– रूपया |
| ट्रान्सक्रिप्ट हेतु– | 500/– रूपया |

**परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से वेरीफिकेशन एवं ट्रान्सक्रिप्ट हेतु प्रस्तावित शुल्क रू0 500/– पर सहमति जताई।**

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

संलग्नक - 8

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय परिसर, शांतिपुरम, (सेक्टर एफ) फाफामऊ

इलाहाबाद – 211013

सरस्वती नः सुभगा मयस्करत्।।

## उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति के बैठक की कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक संख्या | : | 16 |
| दिनांक | : | 26 नवम्बर 2013 |
| समय | : | पूर्वाह्न 11.00 बजे |
| स्थान | : | कमेटी कक्ष |

परीक्षा नियंत्रक

विश्वविद्यालय की सत्रान्त परीक्षाओं में सिली हुई उत्तर पुस्तिकाओं के प्रयोग एवं तत्सम्बन्धी व्यवस्था पर विचार।

वर्तमान में स्टेपल की हुई उत्तर पुस्तिका का प्रयोग किया जा रहा है परीक्षाओं में अनियमितता रोकने व सुचिता को ध्यान में रखते हुये परीक्षाओं में सिली हुई उत्तर पुस्तिकाओं के प्रयोग पर विचार आवश्यक है।

परीक्षा समिति ने प्रकरण पर विचार किया।

**विचारोपरान्त परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुये संस्तुति की जिसका विवरण निम्नवत है:**

1. **अबतक उपलब्ध स्टेपल की हुई उत्तर पुस्तिकाओं का प्रयोग किया जाय उसके पश्चात सिली हुई उत्तर पुस्तिकाओं का ही प्रयोग किया जाय।**

2. **सिली हुई उत्तर पुस्तिकाओं का प्रयोग करने के परीक्षा सत्र से "ब" उत्तर पुस्तिका का प्रयोग बन्द कर दिया जाय एवं इसका उल्लेख प्रवेश विवरणिका में भी किया जाय कि परीक्षा में केवल "अ" उत्तर पुस्तिकायें दी जायेगी कोई अनुपूरक उत्तर पुस्तिका नहीं मिलेगी।**

3. **"अ" उत्तर पुस्तिका में ही कुल 4 अतिरिक्त पृष्ठ जोड दिये जाय।**

कार्यसूची बिन्दु संख्या 16.12

एक परीक्षक द्वारा सामान्य स्थिति में प्रतिदिन मुल्याकंन हेतु उत्तर पुस्तिकाओं की न्यूनतम एवं अधिकतम संख्या के निर्धारण पर विचार।

परीक्षकों द्वारा प्रतिदिन उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन करने हेतु न्यूनतम एवं अधिकतम उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या निर्धारण करना आवश्यक प्रतीत होता है जिससे मूल्यांकन की गुणवत्ता प्रभावित नहीं होगी।

परीक्षा समिति ने प्रकरण पर विचार किया।

विचारोपरान्त परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि मूल्यांकन करने हेतु प्रतिदिन अधिकतम 50 पी. जी. कार्यक्रम या अधिकतम 75 यू. जी. कार्यक्रम की उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन करने हेतु इस शर्त पर दी जाय कि परीक्षक कम से कम छः घण्टे रुक कर मुल्यांकन करे। परीक्षा समिति द्वारा एक मूल्यांकनकर्ता को अधिकतम एक परीक्षा सत्र में यू. जी. कार्यक्रम की कुल अधिकतम 500 व पी. जी. कार्यक्रम की अधिकतम 400 उत्तर पुस्तिकाओं को मूल्यांकन हेतु देने की संस्तुति की गयी।

सत्यापित

परीक्षा नियंत्रक

# उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

परीक्षा दिसम्बर 2017 में अनुचित साधन (UFM) के आरोपित अभ्यर्थियों के सम्बन्ध में निर्णय निम्नवत है–

| क. सं. | छात्र का नाम | नामांकन संख्या | पेपर कोड | निर्णय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री बृजेश कुमार यादव | 71380223002333 | PGBCH-09 | सम्बन्धित प्रश्न–पत्र निरस्त। |
| 2 | सुश्री लक्की रानी | 71051201001507 | MASY-02 | वर्तमान परीक्षा सत्र की पूरी परीक्षा निरस्त। |
| 3 | सुश्री अंशू त्रिपाठी | 72051202017923 | BLIS-02-N | सम्बन्धित प्रश्न–पत्र निरस्त। |
| 4 | श्री नरेन्द्र कुमार यादव | 72872986018478 | DYS-03 | सम्बन्धित प्रश्न–पत्र निरस्त। |
| 5 | सुश्री पूजा यादव | 72374986024330 | DYS-03 | वर्तमान परीक्षा सत्र की पूरी परीक्षा निरस्त। |
| 6 | श्री रमाशंकर यादव | 72037202002170 | BLIS-04 | सम्बन्धित प्रश्न–पत्र निरस्त। |
| 7 | सुश्री जूली कुमारी | 71296202001165 | BLISS-04 | वर्तमान परीक्षा सत्र की पूरी परीक्षा निरस्त। |
| | श्री मुदित कुमार गुप्ता | 720051009020009 | PGDYO-03 | सम्बन्धित प्रश्न–पत्र निरस्त। |
| | श्री शुभम वर्मा | 52120105000436 | BCA-E10 | सम्बन्धित प्रश्न–पत्र निरस्त। |
| | सुश्री कंचन कुमारी पाल | 72690986001927 | DYS-03 | सम्पूर्ण परीक्षा निरस्त तथा अगले तीन वर्ष के लिए किसी भी विश्वविद्यालय, परीक्षा में बैठने से निरर्हित कर दिया जाय। |
| | सुश्री वर्षा सिंह | 62168703005076 | MCA-13 | सम्बन्धित प्रश्न–पत्र निरस्त। |

सत्यापित

परीक्षा निदेशक

(परीक्षा नियंत्रक)

# उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय मुख्य परिसर, शान्तिपुरम् (सेक्टर–एफ)

फाफामऊ इलाहाबाद–211021

## उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के परीक्षा समिति की बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| **बैठक संख्या** | : | 25वीं |
| दिनांक | : | 03 अप्रैल 2018 |
| समय | : | अपराह्न 3.00 बजे |
| स्थान | : | कमेटी कक्ष |

परीक्षा नियंत्रक

211021

सी.वू./ परीक्षा/ 4812 /2018 दिनांक: 21/4/2018

आदरणीय महोदय,

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद की दिनांक 03 अप्रैल 2018 को परीक्षा समिति की सम्पन्न 25वीं बैठक का कार्यवृत्त आपके अवलोकनार्थ संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्नक उपरोक्तः

भवदीय,

डॉ0 (जी.के. द्विवेदी)
परीक्षा नियंत्रक

1 प्रो0 के.एन. सिंह, कुलपति, उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।
2 डॉ0 ओमजी गुप्ता, निदेशक, प्रबन्धन अध्ययन विद्या शाखा, उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।
3 डॉ0 पी.पी. दूबे, निदेशक, कृषि विज्ञान विद्या शाखा, उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।
4 डॉ0 आर.पी.एस. यादव, निदेशक, मानविकी विद्या शाखा, उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।
5 डॉ0 आशुतोष गुप्ता, निदेशक, विज्ञान विद्या शाखा, उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।
6 प्रो0 (डॉ0) जी.एस. शुक्ला, निदेशक, स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा, उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।
7 प्रो0 एच.एस. उपाध्याय, दर्शन शास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, सदस्य, विद्या परिषद।
8 डॉ0 इति तिवारी, एसोसिएट प्रोफेसर, समाज विज्ञान विद्या शाखा, उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।
9 डॉ0 जी.के. द्विवेदी, परीक्षा नियंत्रक, असिस्टेंट प्रोफेसर, उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।

सत्यापित
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 (जी0के0 द्विवेदी)
परीक्षा नियंत्रक

# उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।

दिनांक 03 अप्रैल, 2018 को अपराह्न 3:00 बजे विश्वविद्यालय के कमेटी कक्ष में सम्पन्न
परीक्षा समिति की 25वीं बैठक का कार्यवृत्त

उपस्थिति :

1. प्रो0 के.एन. सिंह, — अध्यक्ष
कुलपति,
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त
विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

2. डॉ0 पी.पी. दूबे, — सदस्य
निदेशक,
कृषि विज्ञान विद्या शाखा,
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

3. डॉ0 आर.पी.एस. यादव, — सदस्य
निदेशक,
मानविकी विद्या शाखा
